राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 87 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि के दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी की होगी पूजा



**ब्रह्मचारिणी** माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल रहता है। यह जानकारी भविष्य पुराण से ली गई हे।

### आदर्श विचार



" कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता "

### मन की बात



" सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद "

# सिद्धांतों पर टिका संघ का वटवृक्ष: मोदी

● माधव नेत्रालय की विस्तारित इमारत के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**आदर्श**

▶▶ किसी भी देश का अस्तित्व उस देश की संस्कृति के विस्तार पर निर्भर करता है, पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक वटवृक्ष की तरह है और यह वटवृक्ष बीते 100 वर्ष से आदर्श और सिद्धांतों पर टिका हुआ है। किसी भी देश का अस्तित्व उस देश की संस्कृति के विस्तार पर निर्भर करता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती है। देश पर कई विदेशी आक्रमण हुए, संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास हुए लेकिन भारतीय संस्कृति की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर स्थित माधव नेत्रालय के प्रीमियम सेंटर इमारत के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का अस्तित्व उस देश की संस्कृति के विस्तार पर निर्भर करता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती है। हमारे देश पर कई विदेशी आक्रमण हुए, हमारी संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास किए गए, फिर भी भारतीय संस्कृति की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई। यह चेतना बनाए रखने के लिए अनेक आंदोलनों का आयोजन भारत में हुआ। भक्तिरस से भरे आंदोलन इसका उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संतों ने समाज में यही चेतना जागृत की। महाराष्ट्र के संत तुकाराम, संत एकनाथ, संत नामदेव, संत ज्ञानेश्वर ने यह कार्य किया। फिर स्वामी विवेकानंद ने इसे आगे बढ़ाया। स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व डॉ. हेडगेवार और गुरुजी गोळवलकर ने भी इस राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा दिया। उन्होंने 100 वर्ष पहले जिस वटवृक्ष का बीजारोपण किया था, वह आज विशाल रूप में फैल चुका है। मोदी ने यह भी कहा कि संघ का यह वटवृक्ष आदर्श और सिद्धांतों की वजह से टिक पाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की राष्ट्रीय संस्कृति का कभी न समाप्त होने वाला अक्षय वटवृक्ष है। उन्होंने कहा कि साथ ही संघ एक निरंतर चलने वाला यज्ञ भी है, जो बाह्य और आंतरिक दृष्टि से काम करता है। बाह्य दृष्टि से माधव नेत्रालय जैसे उपक्रम हैं, जबकि आंतरिक दृष्टि से संघ सेवा कार्य के माध्यम से आगे बढ़ता है। ये सेवा संस्कार और साधना प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए जीवनदायिनी हैं। प्रत्येक स्वयंसेवक पीढ़ी दर पीढ़ी इससे प्रेरित हो रहा है, जो उसे निरंतर गतिमान बनाए रखता है। इस कारण से स्वयंसेवक कभी थकते नहीं, कभी रुकते नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हम देखते हैं कि संघ के स्वयंसेवक चाहे पहाड़ी क्षेत्र हो, समुद्री क्षेत्र हो या जंगल का क्षेत्र हो, वे अपनी सेवा कार्यों को निरंतर करते रहते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया दीक्षा भूमि को नमन

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर के दौरे पर हैं। इस बार वे दीक्षा भूमि गए और महापुरुष डॉ. आंबेडकर और तथागत गौतम बुद्ध को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बाबा साहब डा. आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक, नागपुर कि दीक्षा भूमि पर आने के सौभाग्य से अभिभूत हूं। इस पवित्र स्थान के वातावरण में बाबासाहेब के सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को आसानी से अनुभव किया जा सकता है। जरूरतमंदों को समान अधिकार और न्याय दिलाकर आगे बढ़ने की ऊर्जा देती है।

## छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
बिलासपुरः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे।

**सौगात दी**

▶▶ बिलासपुर में पीएम मोदी बोले- कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास

**मेरा सौभाग्य कि नवरात्रि के पहले दिन मैं यहां पहुंचा-पीएम**
जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है। यह माता कौशल्या का मायका भी है। ऐसे में मातृशक्ति को समर्पित ये नौ दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत विशेष रहते हैं और मेरा सौभाग्य है कि नवरात्रि के पहले दिन ही मैं यहां पहुंचा हूं।
**तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी**
पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं।

## बीड जिले में मस्जिद के विस्फोट से दहशत, दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई। बीड** जिले में स्थित अर्धमसला गांव की मस्जिद में रविवार को तड़के विस्फोट होने से इलाके में दहशत फैल गई। इस विस्फोट में सिर्फ फर्श और आसपास कुछ दरारें आ गई है और कोई हताहत नहीं हुआ है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और दोनों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार को तड़के करीब 4 बजे मस्जिद में जिलेटिन विस्फोट होने से इलाके में दहशत फैल गई। विस्फोट के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया और घटना की तत्काल जांच की मांग की। विस्फोट की सूचना मिलन पर बम का पता लगाने वाली टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ बीड पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। संभाजी नगर डिवीजन के विशेष पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीरेंद्र मिश्रा ने घटनास्थल का दौरा किया।

## राजग सरकार बिहार में कर रही चहुंमुखी विकास: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में बिहार को कई योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार में चहुंमुखी विकास कर रही है।उन्होंने मिथिलांचल के लोगों को सौगात देते हुए मखाना प्रोसेसिंग यूनिट का ऑनलाइन उद्घाटन किया। केंद्रीय सहकारिया मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू और राबड़ी का जब-जब शासनकाल आया तब-तब बिहार में विनाश हुआ। उन्होंने कहा कि लालू जी ने अगर बिहार की जनता के लिए कुछ अच्छा काम किया है तो हिसाब-किताब लेकर आइये और बताइये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का नाम गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। सहकारिता का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को मिलने वाला है। लालू प्रसाद के समय सहकारिता चौपट हो गयी थी। इसको बर्बाद करने का श्रेय लालू एंड लालू कंपनी ने किया और सहकारी समितियों को भी संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि बिहार की बंद पड़ी चीनी मिल को चालू करने के लिए पूरी ऊर्जा लगा देंगे।

**एकजुट**

▶▶ बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में बिहार को कई योजनाओं की सौगात दी

## कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे ओडिशा में बेपटरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कटकः** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि सात यात्री घायल भी हुए हैं।
**रेल हादसे पर जिलाधिकारी का बयान**
कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में जिलाधिकारी (डीएम) दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है... 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रेन संख्या 12251 बंगलूरू से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी।

**दर्दनाक हादसा**

▶▶ दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि सात यात्री घायल भी हुए हैं: जिलाधिकारी

## मारे गये 18 नक्सलियों में से 15 नक्सलियों की हुई शिनाख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**जगदलपुरः** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गोगुंडा की पहाड़ी में शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। वहीं बीजापुर जिले के थाना बासागुड़ा क्षेत्र अंतर्गत टेकमेटा-नरसापुर के जंगल में भी मुठभेड़ में हुई थी, इसमें एक नक्सली मारा गया था। सभी नक्सलियों के शव बरामद कर शिनाख्तगी की कार्रवाई में अब तक 73 लाख के कुल 15 नक्सलियों की पहचान की जा चुकी है।

## मोदी ने टेक्सटाइल कचरे की चुनौतियों को लेकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में देशवासियों को भारतीय नववर्ष की बधाई दी। दुनिया में योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र किया और टेक्सटाइल कचरे से जुड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। मन की बात के 120वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। 13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबरदस्त धूम दिखेगी। यह पूरा महीना त्योहारों का है। वह देशवासियों को इन त्योहारों की बधाई देते हैं।




**एक प्रतिशत ही कपड़ा होता है रीसाइकल**
कार्यक्रम में इस बार प्रधानमंत्री ने बढ़ते टेक्सटाइल कचरे की समस्या का उल्लेख किया और कहा कि इससे निपटने के लिए कई नावाचारी प्रयास हो रहे हैं। इसमें रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकोनामिक जैसी पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आजकल दुनिया भर में पुराने कपड़ों को हटाकर नए कपड़े पहनने का चलन बढ़ गया है। इन पुराने कपड़ों में से केवल एक प्रतिशत ही रीसायकल किए जाते हैं। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल कचरा निकलता है। यानी हमारे सामने चुनौती भी बहुत बड़ी है। लेकिन खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। कई भारतीय स्टार्टअप ने टेस्टाइल रिकवरी फेसेलिटी पर काम शुरू किया है। कई ऐसी टीमें हैं, जो कचरा बीनने वाले हमारे भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए भी काम कर रही हैं।

**मन की बात**

▶▶ यह पूरा महीना त्योहारों का है। वह देशवासियों को इन त्योहारों की बधाई देते हैं: पीएम मोदी

## हिमाचल के मणिकर्ण में बड़ा हादसा, पेड़ गिरा, 06 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया जा रहा है। फिलहाल, मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मणिकर्ण गुरुद्वारा के ठीक सामने वाली सड़क के पास एक पेड़ टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वहां पर खड़े रेहड़ी संचालक एक गाड़ी सवार और तीन पर्यटक जो मौके पर मौजूद थे उनकी मौत हो गई है। मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की जान गई है, जबकि कई घायल हुए हैं । राहत एवं बचाव कार्य जारी है । प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है।
**भूस्खलन बताई जा रही वजह**
पहाड़ी से गिरे गिरने पर उसके साथ काफी मलबा भी नीचे आया है। अब इस मलबे को हटाकर इसके नीचे भी लोगों की तलाश की जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। आशंका जताई जा रही है कि भूस्खलन की वजह से पहाड़ी से पेड़ जड़ सहित गिरा और उसके साथ भारी मात्रा में मलबा भी नीचे आया है, जिसमें कई लोग दबे हो सकते हैं। प्रशासन जल्द से जल्द लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रहा है।

**दर्दनाक हादसा**

▶▶ पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल पहुंचाया

## मणिपुर, नागालैंड में अफस्पा छह महीने बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों से जुड़े विभिन्न जिलों एवं पुलिस थानों पर लागू सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। रविवार को जारी अधिसूचना के तहत 13 पुलिस स्टेशनों को छोड़कर संपूर्ण मणिपुर, नागालैंड के आठ जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों तथा अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों तथा तीन पुलिस थानों को अशांत घोषित किया गया है।



अशांत क्षेत्रों की स्थिति में तेजी से सुधार के लिए ह्यअफस्पाह्ण के तहत सशस्त्र पुलिस बलों को कुछ विशेष अधिकार दिए जाते हैं। इसके तहत बलों को केंद्र की अनुमति के बिना अभियोजन चलाए जाने से भी संरक्षण मिलता है। गृह मंत्रालय की ओर से इस संबंध में तीन अगल-अलग अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के तहत इंफाल पश्चिम के इंफाल, लाम्फेल, सिटी, सिंगजामेई, पाटसोई, वांगोई थानों, इम्फाल पूर्व के पोरोम्पैट, हिंगांग, इरिलबंग थानों, थौबल के थौवल थाने, विष्णुपुर के विष्णुपुर, नामबोल थानों और काकचिंग के काकचिंग थाने के अलावा सारे मणिपुर में अफस्पा लागू रहेगा। नागालैंड राज्य में दिमापुर, निउलैंड, चुमुकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिले। कोहिमा जिले में खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा-दक्षिण, जुबजा और केजोचा पुलिस थाने।

**अशांत घोषित**

▶▶ जिलों एवं पुलिस थानों पर लागू सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को बढ़ा दिया

## लॉजिस्टिक लागत में कटौती करना सरकार का लक्ष्य: जोशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स के तेजी से विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के ध्यान के कारण भंडारण और रसद क्षेत्र को आर्थिक विकास का प्रमुख चालक माना जा रहा है। उन्होंने डिजिटल पहलों के एकीकरण के माध्यम से परिचालन दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में निगम के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी रविवार को यहां केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के 69वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।
जोशी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) जैसी सरकारी पहलों में सीडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा में पिछले दिनों हुई दो बड़ी मुठभेड़ के बाद रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें कुछ महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले 50 में से 13 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम है। इन्होंने आज बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक, डीआईजी, सीआरपीएफ और अन्य पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, केरिपु 85, 153, 168, 170, 196, 199, 222, 229 एवं कोबरा201, 202, 204, 205, 208, 210 का विशेष योगदान रहा है।

**नव वर्ष प्रतिपदा** मुख्यमंत्री ने विक्रम विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान

## विक्रम विवि अब सम्राट विक्रमादित्य विवि के नाम से जाना जाएगा : मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन कई मायनों में हम सब के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उज्जैन नगरी सात पवित्रतम नगरियों में से एक है। हर कल्प में इसका विशेष महत्व रहा है। आज भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा पर हम सब हर्षोल्लास के साथ गुड़ी पड़वा और चैटी चंड पर्व मना रहे हैं। आज उज्जैन का गौरव दिवस भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय (विवि) अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय



के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। भविष्य कि अपार संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। हमारे शोधार्थी विश्व पटल पर अपने शहर, राज्य और देश का नाम लेकर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जयिनी के गौरव दिवस और विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्तकरने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की हैं।

**उपलब्धियां**

▶▶ विद्यार्थियों ने प्रतिभ के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्तकरने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की

# सनौली खुर्द निवासी त्रिलोक चंद व्यास ने सोनीपत मेराथन मे मेडल जीतकर किया नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

सनौली खुर्द पानीपत निवासी सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने एक बार फिर सरकार की तरफ दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी डीसीआरयूएसटी सोनीपत मेराथन जिसमे मुख्यमंत्री ने भी शिरकत कर हरी झंडी दिखाई मे रेस जीतकर सबको हैरान कर दिया। उन्होंने सीनियर सिटीजन ग्रूप मे कोच शिवा माही के मार्गदर्शन मे सोनीपत मैराथन मे पांच किलोमीटर मे रेस लगाकर प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल जीतकर सबको हैरान कर दिया। इससे पहले उन्होने भिवानी मेराथन, गुरूग्राम मे आरइएम रनिंग एंड इंटरटेनमेंट मीडिया की तरफ से सीनियर सिटीजन ग्रूप मे दौडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर एक साथ तीन गोल्ड मेडल के साथ शील्ड प्राप्त कर अपना लोहा मनवाया था। उन्होने पाच किलोमीटर स्पर्धा मे गोल्ड मेडल




जीतकर प्रथम स्थान प्राप्तकर अपने देश व परदेश का नाम रोशन किया।इस अवसर पर उनको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर मेडल हासिल करते है, इससे सभी आचमिभत है।उन्होने बताया की यह उनका तेहरवा मेडल है इससे पहले भी वे दो बार गुरूग्राम कीआरइएम रनिंग रेस, माड रेस, जालंधर की वन रेस, गुडगाँव रेस तथा वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तरराष्ट्रीय रेस की

**परचम**

**⏩ मैराथन मे पांच किलोमीटर मे रेस लगाकर प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल जीतकर हैरान कर दिया**

सीनियर सिटीजन रेस व पानीपत मेराथन मे भी दौड लगाकर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके है। जीत की खबर मिलते ही समस्त ग्राम मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया।त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है तथा अपने सभी बच्चो को उच्चतम शिक्षा भी प्राप्त कराई है । उन्होंने अपनी सेहत का राज सरल खाना व प्रतिदिन व्यायाम व कसरत के साथ रेस लगाना व लगातार साईकिल चलाना बताया। पूछने पर उन्होंने बताया की उनका परिवार 1984 से डेरा सच्चा सौदा सिरसा से जुडा हुआ है और वे पूज्य गुरू संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से मानवता की राह पर चलते हुए 37 बार रक्तदान भी कर चुके है इसका श्रेय भी वे उन्ही को देते है और इस उम्र मे खेलो मे भाग लेने के लिए भी गुरू जी से प्रेरित होकर अभ्यास कर इवेंट मे भाग लेने लगे है।उन्होंने सभी से खेलो मे भाग लेने की अपील की है जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह पिछले काफी लम्बे समय से डेरा सच्चा सौदा से जुडा है और गुरू जी की प्रेरणा से व कोचिंग से एथलेटिक्स व योगा सीख कर खेलो के सीनियर सिटीजन स्पर्धा मे भाग लेने लगे है जिसका श्रेय वे पूज्य गुरू जी को देते है की जिससे वे इस उम्र मे आगे भी मेडल जीतकर अपने देश प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के नारायणा इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लक्षित नेगी और यश वर्मा के रूप में हुई है। जबकि घायल यश गुप्ता और हिमांशु का अस्पताल में उपचार चल रहा है। नारायणा पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।
पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार बीती देर रात 2:45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नारायणा इलाके में तेज रफ्तार सियाज कार एक पेड़ से टकरा गई है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कार में चार लोग घायल हालत में पड़े हुए है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**खुली निविदा संख्या:** JHS-RCNK-M-ABL-24-25-18 **दिनांक:** 28.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम:** एलएचबी कोचों के एसएस-II और एसएस-III के दौरान एयर ब्रेक सिस्टम की मरम्मत, परीक्षण और मॉडिफिकेशन।

**कार्य की लागत:** ₹ 48,82,380.00 (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशि:** ₹ 97,700/- | **कार्य पूरा होने का समय:** चौबीस महीने

**ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय: 23.04.2025 समय 11:00 बजे तक**

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **571/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**गति शक्ति, ग्वालियर**

**ई-टेण्डर क्रमांक:** DYCEGSUGWL0125 **दिनांक:** 28.03.2025

**ई टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर II (गति शक्ति यूनिट) ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (सिंगल पैंकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई - टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है:-

**कार्य का विवरण:** झाँसी-ग्वालियर रेल सेक्शन के कि. मी. 1205A/30 पर अंडरपास निर्माण कार्य के संबंध में।

**अनुमानित लागत:** ₹ 2.56 Crore | **निविदा बन्द होने की तिथि: 25.04.2025**

**कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह

- ऑनलाइन निविदा **दिनांक 25.04.2025 को 11.00 बजे** तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। **579/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# मेरा गांव, मेरा देश में एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )** आई .बी . स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा "मेरा गांव मेरा देश" में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ,कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा, प्रो.अजय पाल, प्रो.माधवी व डॉ ज्योति गहलोत ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस भ्रमण के अंतर्गत 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को इस तरह के आयोजन में भागीदारी लेने के लिए प्रेरणा दी, उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के छात्रों के लिए बेहद सहायक है इन गतिविधियों में जो संदेश मिलता है वह हमारी जिंदगी में बदलाव ला सकते है, हमारी सोच बड़ी बना सकते है। उन्होंने इस पहल की सराहना की और कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ-साथ उन्हें हरियाणा की संस्कृति से अवगत करवाना भी है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने कहा कि अगर हमें अपना संपूर्ण विकास करना है तो शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में भी योगदान करना होगा।

# 15 लाख की कीमत की अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा:** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एचएसएनसीबी) की रोहतक यूनिट ने खरखौदा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए तीन किलो अफीम बरामद की है। यह नशे की खेप कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के रास्ते लाई जा रही थी। टीम ने इस दौरान एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिला सोनीपत के गाँव गढ़ी ब्राह्मण निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ



खरखौदा थाने में मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आपको बतादे कि एचएसएनसीबी की रोहतक यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी। कि सचिन नामक युवक केएमपी मार्ग से अफीम की खेप लेकर आ रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई संदीप ने अपनी टीम के साथ पिपली टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी की और वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक वैगनआर कार को रोका गया। जब चालक से नाम-पता पूछा गया तो उसने खुद को सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मण का रहने वाला सचिन बताया। इसके बाद एईटीओ संदीप पुनिया को मौके पर बुलाया गया और कार की तलाशी ली गई। जांच के दौरान डैशबोर्ड से छह थैलियां बरामद हुईं। जिनमें कुल 3 किलो 4 ग्राम अफीम मिली। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सचिन को गिरफ्तार कर लिया और कार को जब्त कर लिया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कलमा उर्फ कमला हुसैन उर्फ नवाब, पुत्र: सलीम मोहम्मद, पता: म. नं. 122, सहयोग विहार, जे.जे. कॉलोनी मटियाला, दिल्ली** ने **FIR No. 00535/18, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना द्वारका उत्तर नार्थ, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कलमा उर्फ कमला हुसैन उर्फ नवाब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कलमा उर्फ कमला हुसैन उर्फ नवाब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00535/18, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना द्वारका उत्तर नार्थ, नई दिल्ली** के अभियुक्त **कलमा उर्फ कमला हुसैन उर्फ नवाब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नीतिका कपूर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06**
**दक्षिण–पश्चिम जिला, कमरा नं. 514**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/3959/DW/2025**


# शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, दिए दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने गाँव काबड़ी के सरकारी स्कूल में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। इस दौरान बिजली, फैमिली आईडी, स्वास्थ्य सेवाओं, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क मरम्मत और राशन वितरण से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। मंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इनका शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री महीपाल ढांडा ने जनता को

**निर्देश**

**⏩ जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा**

आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।
उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इसके पश्चात, ढांडा गाँव आसन कलां के सरकारी स्कूल पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने विचारों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आगे बढ़ाएं। इसके बाद गुरुद्वारा बाबा जोध सचियार, आसन में आयोजित 75वें सालाना सत्संग समागम में पहुंचे, जहाँ उन्होंने गुरु चरणों में नमन कर संगत से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्म और आध्यात्मिकता समाज को एकजुट करने का कार्य करती है और ऐसे आयोजन हमें सकारात्मक ऊर्जा व मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

# हिंदू नव वर्ष पर संघ खरखौदा ने द्वारा भव्य पथ संचलन का प्रस्थान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**
**खरखौदा :** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की खरखौदा इकाई द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया. हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सिद्धांत यह है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और भगवान राम का राज्य अभिषेक भी इसी दिन हुआ था। इस समय



रबी की फल पैकर तैयार हो जाती है और प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है। शहर के चौ. कमेंट्सराम स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कार्यक्रम की शुरूआत परंपरा के अनुसार भगवा ध्वज प्रणाम के साथ हुई। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों को हिंदू नव वर्ष के महत्व और संघ के आदर्शों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देव विभाग के विभाग कार्यवाह डा. विधानमंडल अपॉइंटमेंट रहे।
उनके साथ जिला कार्यवाह जयदीप, खंड कार्यवाह डा. अनिल दहिया, विशेषज्ञ, प्रतिष्ठित प्रमुख राकेश, शारीरिक प्रमुख विधि, पूति खोखर, जयकुमार राणा, सुरेश दाहिया, सहित 100 स्वयंसेवक मौजूद हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अर्जुन** उर्फ़ **अजय** पुत्र राम लाल निवासी मकान नं. 282, 12 गजा, रघुबीर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 408/2015 धारा 411 भा.द.सं. थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अर्जुन** उर्फ़ **अजय** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अर्जुन** उर्फ़ **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 408/2015 धारा 411 भा.द.सं. थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अर्जुन** उर्फ़ **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री वसुंधरा छौकर,**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी,**
**उत्तर-पश्चिम कोर्ट नं. 101, प्रथम तल,**
**रोहिणी न्यायलय, दिल्ली।**
**DP/4020/NW/2025**



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पीएम नागरिकों से संवाद करने वाले एकमात्र नेता: रेखा

## मुख्यमंत्री ने रविवार को कालकाजी विधानसभा में आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक संवाद मन की बात देश के कोने-कोने से मिले अनुभवों को जनता से साझा करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो अपने देश के नागरिकों से नियमित संवाद करने के साथ-साथ उनका ज्ञानवर्धन भी करते हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को कालकाजी विधानसभा में आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुना। दिल्ली भाजपा ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मन की बात कार्यक्रम के 120 वें एपिसोड को सुना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में सांसद योगेंद्र चांदोलिया एवं नरेश अग्रवाल, प्रदेश पदाधिकारियों, स्थानीय गोल मार्केट समिति भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा कार्यालय कर्मचारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर महेंद्र नागपाल, योगेश अत्रेय और विजय सोलंकी, कार्यालय मंत्री बृजेश राय और सह कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता उपस्थित थे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में जो जानकारी दी गई वह हम सब के लिए नई थी। आज जिस प्रकार से उन्होंने महुआ के बिस्किट की जानकारी दी वह सबके लिए नई जानकारी थी। उन्होंने कहा कि भारत के दूरदराज की विशेषता बताना मन की बात कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यही इस कार्यक्रम को विशेष बनाता है।





**मन की बात**

▶▶ दिल्ली भाजपा ने विभिन्न स्थानों पर मन की बात को सुनने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### मुख्यमंत्री ने मां कात्यायनी के दर्शन करके दिल्ली में विकास कार्य के पूरा होने की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि के पहले दिन छतरपुर मंदिर में मां कात्यायनी के दर्शन कर दिल्लीवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां का आशीर्वाद सभी के जीवन में अपार खुशियां, समृद्धि व शांति लेकर आए। दिल्ली में विकास कार्य सुचारू रूप से पूरे हों और सद्भाव एवं शांति बनी रहे, यही कामना है। मुख्यमंत्री ने रविवार को पत्रकारों संबोधित करते हुए कहा कि आज मां कात्यायनी के चरणों में माथा टेककर सभी दिल्लीवासियों के लिए हिंदू नववर्ष पर ढेर सारी खुशियां लेकर आने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह त्योहार दिल्लीवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आए। मुख्यमंत्री ने एक्स पर शक्ति, भक्ति व नवचेतना के पावन पर्व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दिल्लीवासियों की दी। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से हर घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो। यह मंगलमय पर्व हमें आत्मबल व नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। वह मां से दिल्ली व देश की उन्नति व समृद्धि की कामना करती है।



# लैंड पूलिंग नीति जल्द होगी लागू: सांसद रामवीर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण लैंड पूलिंग पॉलिसी और ग्रीन डेवलपमेंट एरिया नीति को जल्द लागू करेगा। इसके लिए 30 अप्रैल तक लोग आवेदन कर सकेंगे। बिना किसी योजना के अनधिकृत कॉलोनियां बनने से दिल्ली स्लम बनती जा रही है। इस नीति से दिल्ली को स्लम जैसी स्थिति से बचाया जा सकेगा। इससे सरकार को राजस्व मिलेगा और किसानों को भी उनकी जमीन का बाजार रेट से ज्यादा मूल्य बढ़ेगा। इन योजनाओं को लागू करने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने डीडीए की लैंड पूलिंग स्कीम और जीडीए पॉलिसी की स्थिति पर लोकसभा में शून्यकाल में यह मुद्दा उठाए थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में लैंड पूलिंग नीति बेहद आवश्यक है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने पत्राचार से बिधूड़ी को बताया कि लैंड पूलिंग पॉलिसी में शामिल होने के लिए 30 अप्रैल तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस नीति के तहत कुल 7630 हेक्टेयर भूमि को लिया जाना है। दिल्ली के लैंड पूलिंग क्षेत्रों के लिए 15 क्षेत्रों में कंसोर्टियम गठन के लिए डीडीए ने नोटिस जारी किया है।

# वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में जंतर-मंतर पर हुई महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन और वक्फ बोर्ड को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को जंतर-मंतर पर महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत का आह्वान जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन ने किया। महापंचायत में देशभर से आए विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने एक राय होकर वक्फ बोर्ड रद्द किए जाने की मांग की। इस आशय का एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजा गया है। जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए मुस्लिमों की संपत्ति को भारत सरकार द्वारा 1954 में यहां के मुसलमानों को दे दिया गया और 1955, 1995 एवं 2013 में इस कानून में हुए संशोधनों के कारण संपत्तियों पर दावा करने के असीमित अधिकार बोर्ड को मिल गए। परिणामस्वरूप वक्फ बोर्ड द्वारा देशभर में अन्य धर्मावलंबियों की जमीनों पर अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। इन अवैध कब्जों की आपत्ति भारत के किसी भी कोर्ट में न होकर वक्फ बोर्ड ट्रिब्यूनल में ही अपील करने की बाध्यता से आज वक्फ बोर्ड भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक भूमि का मालिक बन गया है। महापंचायत के सह आयोजनकर्ता पिंकी चौधरी, प्रीत सिरोही, मंचासीन महत नवल किशोर दास, स्वामी दीपांकर महाराज और विभिन्न संगठनों के लोगों ने विमर्श किया। महापंचायत ने एक स्वर वक्फ बोर्ड को निरस्त करके उसकी तमाम संपत्तियों को सरकार के जरिए अधिग्रहित करने की मांग की।



**मांग**

▶▶ विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने एक राय होकर वक्फ बोर्ड रद्द किए जाने की मांग की

# गोवा पुलिस की हिरासत से फरार आरोपित को किया गिरफ्तार

**काबू किया**

▶▶ अश्लील वीडियो फैलाने का डर दिखाकर उससे करीब 30 लाख रुपये ऐंठ लिए थे: पुलिस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ठगी व गोवा पुलिस की हिरासत से भागे आरोपित इमाद खान को देहरादून से गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि पकड़े गए आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक शिकायतकर्ता को सोशल मीडिया पर उसका अश्लील वीडियो फैलाने का डर दिखाकर उससे करीब 30 लाख रुपये ऐंठ लिए थे। उक्त मामले की जांच के दौरान, कथित महिला और दो अन्य व्यक्तियों को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन आरोपित इमाद 19 जून 2024 को मुंबई के हवाई अड्डे पर गोवा पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस ने गोवा पुलिस को गिरफ्तारी की सूचना दे दी है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि आरोपित इमाद खान और एक अन्य महिला गोवा के म्हापसा में एक होटल के कमरे में एक पीड़ित के पास गए। इमाद ने खुद को नारकोटिक्स सेल दिल्ली का अधिकारी बताया। उसके बाद आरोपितों ने पीड़ित का मोबाइल फोन, दस्तावेज, लैपटॉप पासवर्ड, मोबाइल पासवर्ड, डिजिटल मीडिया एक्सेस, वॉलेट आदि ले लिये। इमाद खान ने पीड़ित को धमकी दी, कि वे सोशल मीडिया पर उसका अश्लील वीडियो अपलोड करके समाज में उसकी छवि और प्रतिष्ठा को बर्बाद कर देगा। इसके बाद उन्होंने उसे छोड़ने और कोई मुकदमा दर्ज नहीं करने के बदले पीड़ित से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। बाद में आरोपितों ने फिर से धमकी भरे कॉल करना शुरू कर दिया और 10 लाख रुपये की और मांग की। इसके बाद उन्होंने लगातार पीड़ित से और पैसों की मांग करनी शुरू कर दी। अंत में पीड़ित ने हिम्मत कर 26 फरवरी 2024 को थाना म्हापसा गोवा में अपनी शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया। मामले की जांच के दौरान, कथित महिला और दो अन्य व्यक्तियों को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। 19 जून 2024 को आरोपित इमाद खान को भी गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया लेकिन उसी दिन, वह पुलिस टीम के साथ थोड़ी झड़प के बाद मुंबई के सहार हवाई अड्डे से फरार हो गया। डीसीपी के अनुसार इधर क्राइम ब्रांच के साइबर सेल के इंस्पेक्टर विवेकानंद की टीम को सूचना मिली कि फरार आरोपित इमाद देहरादून में छुपा हुआ है।

# सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी को बताया 'राक्षस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने वाली 'फरिश्ते योजना' को बीजेपी सरकार के अपने पहले बजट में ही बंद करने का आरोप लगा है। इस पर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। आप नेता सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि फरिश्ते योजना को बंद कर बीजेपी ने हजारों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बंद करने वालों को 'राक्षस' कहा जाना चाहिए।

**क्या थी फरिश्ते योजना?**
फरिश्ते योजना को 2017 में अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुरू किया था। इसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को नजदीकी निजी अस्पताल में तुरंत भर्ती कराया जाता था। इलाज का पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाती थी। योजना का उद्देश्य लोगों को इलाज में देरी के कारण होने वाली मौतों से बचाना था। इस योजना के तहत करीब 10,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई।

**साधा निशाना**

▶▶ फरिश्ते योजना को बंद कर बीजेपी ने हजारों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है: आप

**बीजेपी सरकार ने योजना को क्यों बंद किया?**
आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने सत्ता में आते ही इस जन-हितकारी योजना को बंद कर दिया। उन्होंने कहा, "2023 में जब मैं मंत्री था, तब एलजी साहब के अफसर इस योजना का बजट रोकना चाहते थे। मैंने कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अफसरों ने बजट जारी किया और योजना को चालू रखा गया। अब बीजेपी ने सरकार बनते ही फरिश्ते योजना को बंद कर दिया।"



एक कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से वार्ता करती हुई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

# बैंक कर्मी के परिवार को 22.4 लाख मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने आईडीबीआई बैंक के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी के परिजनों को 22.4 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 2008 में एक सुरक्षा गार्ड की गलती से गोली चल जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। अदालत ने गार्ड, बैंक और सुरक्षा एजेंसी को लापरवाही के लिए समान रूप से जिम्मेदार ठहराया। जिला न्यायाधीश नरेश कुमार लाका मृतक चंद्र देव (49) के परिवार के सदस्यों की ओर से मुआवजे के लिए दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे थे। उसमें दावा किया गया था कि सुरक्षा गार्ड ने लापरवाही से अपनी बंदूक का ट्रिगर दबा दिया, जिससे 18 फरवरी 2008 को देव को घातक चोटें आईं।



**घटना सुरक्षा गार्ड विनय कुमार की लापरवाही के कारण हुई**
अदालत ने 24 मार्च के अपने आदेश में कहा कि यह आरोप लगाया गया है कि उक्त घटना सुरक्षा गार्ड विनय कुमार की लापरवाही के कारण हुई। उसे केंद्रीय जांच और सुरक्षा सेवा लिमिटेड की तरफ से नियुक्त किया गया था। विनय समय-समय पर उक्त बंदूक की टूट-फूट की जांच करने में विफल रहा। इस प्रकार विनय, कंपनी और आईडीबीआई बैंक संयुक्त रूप से अप्रत्यक्ष रूप से वादी को ब्याज सहित 20 लाख रुपये का मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी हैं। अदालत ने गार्ड के बचाव को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि कोई लापरवाही नहीं थी।

**आदेश**

▶▶ चतुर्थ श्रेणी कर्मी के परिजनों को 22.4 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया

# पुरानी पेंशन योजना बहाल करवाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करवाने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के खिलाफ रविवार को इंडियन रेलवे एम्प्लाइज फेडरेशन एवं फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीक सिंह ने कहा एक अप्रैल से लागू होने वाली यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का विकल्प नहीं चुनेंगे और केवल पुरानी पेंशन ही लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनपीएस-यूपीएस के खिलाफ एक अप्रैल को पूरे भारतीय रेलवे सहित देश के लगभग 60 लाख कर्मचारी व उनके परिवार काला दिवस के रूप में मनाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद एवं मेंबर रेलवे स्टैंडिंग सुदामा प्रसाद ने कहा कि रेल कर्मचारी एकजुट होकर मैदान में आए और एनपीएस और यूपीएस का विरोध करें। उन्होंने कहा कि वह रेल कर्मचारियों, विद्यार्थियों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों और देश के आमजन की आवाज उठाते रहेंगे।

# अंजली हत्याकांड: बदबू कम करने को जलाई अगरबत्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली से एक ऐसा हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसने भी सुना उसके होश उड़ गए। दरअसल, विवेक विहार के सत्यम एंक्लेव स्थित एक मकान में महिला अंजू उर्फ अंजली (35) की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने अंजू की हत्या के आरोप में मकान मालिक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मकान मालिक विवेकानंद मिश्रा और अभय कुमार झा उर्फ सोनू के रूप में हुई है। महिला का पति आशीष झा अभी फरार बताया जा रहा है।



**समलैंगिक रिश्तों के कारण महिला की हत्या**
समलैंगिक रिश्तों के कारण महिला का कत्ल किया गया। 23 मार्च को मकान मालिक विवेकानंद, सोनू और आशीष मकान में अनैतिक कार्य कर रहे थे। अंजू ने इन्हें देखा तो तीनों ने पोल खुलने के डर से उसको मार डाला। बाद में लाश को कंबल में लपेटकर बैग में डालकर बेड बॉक्स में छिपा दिया था।

**कुछ और भी हो सकती है हत्या की वजह**
शाहदरा जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नेहा यादव ने बताया कि अंजू के अपने पति से संबंध भी ठीक नहीं थे। हत्या की वजह कुछ और भी हो सकती है, पति के पकड़े जाने के बाद ही असल वजह का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम 4.37 बजे सूचना मिली थी कि विवेक विहार के झिलमिल स्थित सत्यम एंक्लेव के एक मकान से बदबू आ रही है। सूचना मिलने के पुलिस मौके पर पहुंची। मकान के भीतर बेड से एक महिला का सड़ा गला शव बरामद हुआ।

**खुलासा**

▶▶ उपायुक्त नेहा यादव ने बताया कि अंजू के अपने पति से संबंध भी ठीक नहीं थे, जांच जारी

**मकान मालिक ने किया बड़ा खुलासा**
मकान मालिक विवेकानंद मिश्रा से पूछताछ की गई तो वह अजीबों-गरीब बर्ताव करने के अलावा इधर उधर की बात करने लगा। शुरुआत में टीम को लगा कि विवेकानंद कोई साइको मरीज है। कई घंटे लगातार पूछताछ हुई तो वह टूट गया। उसने बताया कि तीन लोगों ने मिलकर महिला की सोमवार को हत्या की थी। सभी बिहार के सुपौल के रहने वाले हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी विवेकानंद ने बताया कि महिला का नाम अंजू था। वह मूलरूप से लुधियाना की रहने वाली थी। इसके माता-पिता लुधियाना में ही रहते हैं। कई साल पहले अंजू की उसके रिश्तेदार आशीष से शादी हुई थी। अंजू अपने पति और रिश्ते के देवर सोनू के साथ दिल्ली घूमने आई थी।

# कर्ज से बाहर निकलने की बना रही योजना एमसीडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 14 हजार करोड़ की देनदारी के साथ कर्ज में डूबी एमसीडी इससे उबरने की योजना बना रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो करीब दो दशक से लटकी मिंटो रोड, मॉडल टाउन और आजादपुर परियोजनाएं पूरी हो सकती हैं।

**जल्द ही होगा हुडको के साथ करार:** इसके लिए एमसीडी जल्द ही हुडको के साथ करार कर सकती है। हालांकि, यह अभी शुरुआती चरण में है। हुडको के साथ करार होना अभी बाकी है और एमसीडी की खाली या अप्रयुक्त जमीन का इस्तेमाल किन शर्तों पर राजस्व कमाने के लिए किया जा सकता है, इस पर प्रोजेक्ट बनाया जाना है। सूत्रों के अनुसार, हुडको और एमसीडी के बीच जनवरी की शुरुआत में बातचीत हुई थी। इसके अनुसार, इस बात पर चर्चा हो रही है कि एमसीडी की खाली पड़ी जमीनों का किस तरह से बेहतर इस्तेमाल किया जाए और उनका किस तरह से विकास किया जाए। इसके लिए एमसीडी और हुडको के बीच समझौते की शर्तें तय करने के लिए निगम की एक आंतरिक समिति बनाई गई है। यह समिति हुडको के साथ समझौते की शर्तें तय करेगी। इसके बाद हुडको के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि शुरुआती बैठक हो चुकी है। गौरतलब है कि एमसीडी के पास मॉडल टाउन, आजादपुर और मिंटो रोड में अपने कर्मचारियों के लिए फ्लैट हैं। ये बेहद जर्जर हालत में हैं।



# गांव में विकास कार्यों को करवाने में पैसों की नहीं रहेगी कोई कमी: सीएम

## कोलापुर सरपंच के मांग पत्र की सभी मांगें स्वीकार, विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए मौके पर पंचायत के खाते में भेजें: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गांव कोलापुर में 2 करोड़ 83 लाख रुपए के बजट से गांव के विकास कार्यों को करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गांव के विकास के लिए 21 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए मौके पर ही पंचायत के खाते भेजे। साथ ही मुख्यमंत्री ने सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। विकास कार्यों में पैसों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी रविवार को गांव कोलापुर में धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले गांव की सरपंच कमलेश सैनी व सरपंच प्रतिनिधि बलजिंदर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह व



शाल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज नवरात्र का पहला दिन है। साथ ही हिंदू कैलेंडर के अनुसार नए साल का पहला दिन है। सभी लोगों को दोनों पर्वों की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देता हूं। हाल ही में बजट सत्र पूरा हुआ है, जिसमें सरकार अनेक योजनाओं को प्रदेश के विकास के लिए लेकर आई है। विपक्ष के पास विधानसभा में बोलने को एक भी शब्द नहीं था, जो सवाल विपक्ष ने रखें, सभी का एक-एक करके जवाब दिया गया। साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के 36000 परिवारों के खाते में 151 करोड रुपए भेजे हैं, इनमें 20 परिवार गांव कोलापुर के भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से जो वादे भाजपा ने किए थे, उनको सरकार द्वारा फैसला लेकर धरातल पर लागू किया जा रहा है। कुछ लोगों ने लंबे समय से पंचायत की जमीन पर मकान बनाया हुआ था और वहां पर रह रहे थे। प्रदेश सरकार ने 20 वर्षों से कब्जे पर बैठे ऐसे लोगों के लिए योजना बनाई और उन्हें वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर उस जमीन को देने की योजना बनाई है। पाकिस्तान से बंटवारे के समय देश में आए लोगों को जमीन अलॉट की गई थी, ऐसे पट्टेदारों को वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर जमीन उनके नाम करने का नियम सरकार लेकर आई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनाव के दौरान बहनों को 2100 रुपए देने के किए वादे को पूरा करने के लिए बजट सत्र में 5000 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों से जो-जो वादे पूरे किए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। हरियाणा देश का पहले ऐसा राज्य बन गया है, जो किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद रहा है। सब्जी के किसानों को भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल करते हुए 110 करोड़ रुपये किसानों के खाते में प्रदेश सरकार ने भेजा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने गरीबों व जरूरतमंद लोगों को 100-100 गज के प्लाट दिए थे, लेकिन प्लाट देने के साथ उनको कागज और कब्जा नहीं दिया था। प्रदेश सरकार ने हाल ही में 100-100 गज के प्लाटों के कागज और कब्ज दोनों ही प्रदेश के लोगों को सौंपा है।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सीएम ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 2 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा हल्का में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 2 बड़ी परियोजनाओं पर प्रदेश सरकार की तरफ से 4 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि का बजट खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं से लाडवा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने लाडवा आईजीएन कॉलेज में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 4 करोड़ 48 लाख रुपए के बजट की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें राक्षी नदी पर तीन पुलियों की जगह पक्के पुलों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर एक करोड़ 35 लाख 72 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। दूसरी परियोजना के तहत राक्षी नदी के 2 हजार 200 फीट लंबाई क्षेत्र का आरसीसी ट्रफ से निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। इस परियोजना पर 3 करोड़ 12 लाख 25 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लाडवा शहर की आबादी क्षेत्र व फसलों को नुकसान नहीं होगा। हजारों नागरिकों की सुरक्षा, सम्पत्ति व फसलों को बचाने के लिए इन योजनाओं को तैयार किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### शहीदों की वीर भूमि में जन्म लेकर फख है हमें - कुमारी आरती सिंह राव

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि अगर कोई सरकार जनकल्याण की भावना से काम करती है तो वह तीसरी बार भी सत्ता में आ सकती है, यह साबित कर दिया है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी वर्तमान राज्य सरकार ने। वे आज रेवाड़ी जिला में जाटूसाना पंचायत समिति द्वारा आयोजित शहीद परिवार सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा की जनता ने हमेशा से उनके परिवार का साथ दिया है और उसी की बदौलत उन्हें अपने क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है। शहीद परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोसली हलके के अनेक शूरवीरों ने अपने प्राण भारत मां की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिए। हमें सदा उन पर गर्व रहेगा। उन्हें नाज है कि उनका जन्म इस वीर भूमि में हुआ। उन्होंने पंचायत समिति जाटूसाना की तरफ से रखी गई मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार दक्षिण हरियाणा के विकास के प्रति दृढ़ निश्चय से काम कर रही है। उन्होंने विधायक अनिल कुमार यादव के साथ जाटुसाना ब्लॉक में शहीद स्मारक सहित 2.10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य विभाग तथा जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान एवं चिकित्सा जांच शिविर का भी स्वास्थ्य मंत्री ने शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक अनिल कुमार यादव के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" का सीधा प्रसारण देखा। स्वाथ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री की बातों का अनुसरण करते हुए वर्षा के जल का संचय करना चाहिए। पानी मानव जीवन के लिए सबसे अनमोल तत्व है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, ग्राम पंचायतों ने अपनी मांगे स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखीं जिनको मंत्री ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

### हरियाणा में 31 मार्च को रहेगा प्रतिबंधित अवकाश

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने 31 मार्च को ईद-उल-फितर के अवसर पर राजपत्रित अवकाश के स्थान पर अनुसूची-क्क के तहत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया है, क्योंकि यह वित्तीय वर्ष 2024-2025 का अंतिम दिन है। इस संबंध में हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में आगे कहा गया है कि यदि किसी कर्मचारी ने अपनी प्रतिबंधित छुट्टियां पहले ही समाप्त कर ली हैं, तो उसे अतिरिक्त प्रतिबंधित अवकाश की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, यदि कुछ निजी कार्यालय/संस्थान सार्वजनिक कार्यालयों के लिए निर्धारित राजपत्रित अवकाशों की सूची का पालन करते हैं, तो ऐसे सभी कार्यालय/संस्थान 31 मार्च, 2025 को अवकाश के रूप में मनाएंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छू रहा भारत: गौरव गौतम

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र पलवल में पार्टी कार्यकतार्टों व आमजन से साथ भारत देश के प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ण को सुना। खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और पूरी दुनिया में भारत की सफलता की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि ह्यमन की बातह्ण केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे देश और जनता का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के कोने-कोने से प्रेरणादायक बातें साझा करते हैं, जो सभी को उत्साहित और प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम अवश्य सुनते हैं, जिससे उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सुनने के लिए हर किसी में उत्साह रहता है।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्ण कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया पैरा गेम का जिक्र करते हुए खिलाडि?ं को बधाई दी। हरियाणा को इन गेम्स में प्रथम स्थान हासिल करने पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान बधाई दी।

# गांव टाटका में एक करोड़ 52 लाख रुपए के हुए विकास कार्य: मुख्यमंत्री सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गांव टाटका में अब तक विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 52 लाख रुपया भेजा गया है। इस राशि से गांव का कायाकल्प किया जा रहा है और आगे भी विकास कार्यों को करवाने में पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही पंचायत के खाते में 21 लाख रुपए विकास कार्यों को करवाने के लिए भेजें। साथ ही कार्यक्रम में सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को गांव टाटका में आयोजित धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव के



सरपंच धोनी चंदन ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ और समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं, जो हिसार में बने प्रदेश के पहले महाराजा अग्रसेन के नाम पर बने एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। साथ ही यमुनानगर में 800 मेगावाट के सुपर थर्मल यूनिट परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना पर 7,272 करोड रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। प्रदेश में आए दिन बिजली की खपत बढ़ रही है और सरकार ग्रामीणों व शहर में 24 घंटे बिजली सप्लाई मुहैया करवा रही है। उन्होंने टाटका गांव के लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव टाटका के लोगों ने चुनाव के समय अपने कार्य को जिस जिम्मेदारी से निभाया था, अब गांव के विकास को भी उसी जिम्मेदारी के साथ करवाया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच द्वारा जो मांगे रखी गई है उन सभी को संबंधित विभागों के पास भेजकर पूरा करवाया जाएगा। साथ ही सरपंच को कहा कि गांव में बनाए जाने वाले कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य को जब चाहे शुरू करवा लें। टाटका के सरपंच ने ग्रामीणों की तरफ से मुख्यमंत्री के सामने मांग रखते हुए कहा कि गांव बरगट से टाटका को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करवाया जाए। गांव में महाराजा सूरसैनी के नाम से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाया जाए।

गांव में सैनी धर्मशाला बनवाई जाए। गांव के वृद्ध आश्रम में रसोई व सोलर सिस्टम स्थापित करवाया जाए। गांव के लोगों को शहर में आने-जाने की उचित सुविधा हो, इसके लिए रोडवेज बस चलवाई जाए।

### लाडवा में बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला का विधानसभा क्षेत्र लाडवा के गांव धनौरा जाट्टान में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। गांव धनौरा जाट्टान के साथ-साथ खैरा और बीड़ कालवा के खेल प्रांगणों पर भी सी.एस.आर. के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को लाडवा में विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाडवा के गांव धनौरा जाट्टान में खेल स्टेडियम को आधुनिक खेल स्टेडियम बनाने के आदेश देते हुए कहा कि इस परियोजना जल्द-जल्द अमलीजामा पहनाया जाए और तमाम औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी 3 करोड़ 14 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा हलके के बसताड़ा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को 3 करोड़ 14 लाख रुपये की दो विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जीटी रोड़ से गांव मुबारकाबाद तक 1 करोड़ 75 लाख की लागत से बनने वाली नई सडक का शिलान्यास व गांव बसताड़ा में 1 करोड़ 39 लाख की लागत से तालाब के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर मौजिज लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से ही तीसरी बार हलके की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आने वाले समय में सबको साथ मिलकर हल्के को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में हलके से जुड़े सभी कार्य पूरे किए जाएगें। पिछले वर्षों में हल्के में मेडिकल यूनिवर्सिटी, आईटीआई, घरौंडा में बस अड्डे का निर्माण, सडक, पुल, एनसीसी अकादमी की स्थापना, एसडीएम कार्यालय सहित विकास के अनेक कार्य पूरे हुए हैं। बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा। आगामी 5 सालों में हलके को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरुरी: कृषि मंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के लोगों से जल संरक्षण करने का आह्वान किया है। उन्होंने आज यमुनानगर जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड सुनने के बाद जल संरक्षण पर प्रधानमंत्री की अपील को दोहराया। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए अनमोल संपदा है, और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरुरी है।

## खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही सरकार: गौरव

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के खिलाड़ियों को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मिले, ताकि वे खेलों में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश-प्रदेश का नाम रोशन कर सके। खेल मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को गांव लालपुर कदीम में आयोजित उद्घाटन समारोह में 62 लाख रुपए की लागत से बारात घर, टीन शेड, सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे खेलों में आगे आए। उन्होंने बुजुर्गों से आह्वान किया कि वे बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें और उन पर समय लगाए। उन्होंने कहा कि खेलने से बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा और साथ ही वे नशे जैसी कुरीतियों से भी दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों में आगे लाने के लिए चंडीगढ़ से दिल्ली तक की पैरवी मैं आपके लिए करूंगा।

**कुशल नेतृत्व**

**▶▶ युवा अधिकारिता मंत्री ने गांव लालपुर में 62 लाख रुपए की लागत से किया विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन**

उन्होंने गांव की फिरनी, शमशान घाट की चारदीवारी और 2 रास्तों को पक्का करने की घोषणा भी की। उन्होंने सरपंच द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर खेल मंत्री का बुक्का भेंट कर, माला पहनाकर और 51 फुट लंबी पगड़ी बांध कर परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया।

**हरियाणा बना खेलों का पावर हाऊस : खेल मंत्री**

खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल प्रतियोगिता की बात हो, ओलंपिक्स, कॉमनवेल्थ या एशियन गेम्स इन सभी खेलों में भारत देश को सर्वाधिक मेडल दिलाने में देश के करीब दो फीसदी आबादी वाले हरियाणा राज्य का अहम योगदान रहता है। वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा खेलों का पावर हाऊस बन चुका है। ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में और अधिक पदक जीते इसलिए खिलाड़ियों को और ज्यादा खेल सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## इनेलो का संगठन का विस्तार, सुनैना चौटाला महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एवं तनुजा प्रदेश संयोजक बनीं

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़।** नवरात्र के पहले दिन इनेलो पार्टी के संगठन का विस्तार करने के लिए रविवार को इनेलो की संसदीय कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की गई। बैठक में सुनैना चौटाला को पार्टी के महिला प्रकोष्ठ में हरियाणा प्रभारी और तनुजा कश्यप को प्रदेश संयोजक बनाया गया। बैठक में इनेलो के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रधान अभय सिंह

**जिम्मेदारी**

**▶▶ महिला प्रकोष्ठ में हरियाणा प्रभारी और तनुजा कश्यप को प्रदेश संयोजक बनाया गया**

चौटाला, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान आरएस चौधरी, शेर सिंह बड़शामी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और करण चौटाला के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की मौजूदगी में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। माजरा ने बताया कि सुनैना चौटाला को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी एवं तनुजा कश्यप को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। जितेंद्र सिंह खरब को भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, जयकुमार पंवार को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, मदन चौधरी को व्यापार प्रकोष्ठ को प्रदेश संयोजक, जाहिद खान को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, बलवान सिंह को कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, फूल सिंह मंजूरा को किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, जसवीर सिंह ढिल्लों को कानूनी प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, शंकरलाल ओड को टपरीवास प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, राजकुमार डुमरा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक को नियुक्त किया।

## केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा करवाए जा रहे हैं चहुंमुखी विकास कार्य : कृष्णपाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा देश-प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय पलवल के विकास का खाका तैयार होगा तथा पलवल जिला का और अधिक तेज गति से विकास होगा। केंद्रीय मंत्री गुर्जर रविवार को पलवल शहर के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक पर पलवल शहर के सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करने उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को चैत्र नवरात्रि सहित हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते

**विकास पर बल**

**▶▶ आने वाला समय विकास का खाका तैयार होगा तथा पलवल जिला का और अधिक तेज गति से विकास होगा**

हुए खुशहाल जीवन की कामना की। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार की ओर से पलवल जिला को साफ-स्वच्छ बनाने के साथ-साथ सौंदर्यकरण किया जा रहा है। जिला पलवल शहर में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए एलिवेटेड पुल बनाया गया है, जिसके बनने से पलवल में यातायात सुगम और सरल हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केएमपी व केजीपी एक्सप्रेस वे का निर्माण किया गया। साथ ही साथ पलवल में रसूलपुर रोड व बामनीखेड़ा में आरओबी का निर्माण कराया है। पलवल जिला के गांव दुधौला में विश्वकर्मा कौशल विकास यूनिवर्सिटी, पलवल के पेलक में मेडिकल कॉलेज लाना हो व उतार चढ़ाव बनवाना हो, यमुना नदी पर पुल का निर्माण करवाना हो, फरीदाबाद से पलवल तक की घंटों की दूरी मिनटों में तय करना हो सहित पलवल में विभिन्न जगहों पर महिला कालेज सहित

अन्य विकास कार्य वर्तमान सरकार द्वारा कराए गए हैं।

## मन की बात में पीएम ने की पानीपत कपड़ा उद्योग के प्रयासों की प्रशंसा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ0 अरविंद शर्मा ने गोहाना विधानसभा के गांव जुआं स्थित बूथ नंबर 136 पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 120वां संस्करण सुना। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक मन की बात कार्यक्रम नई सोच को लेकर आता है और उनकी हर बात मन को छूने वाली होती है।

मन की बात कार्यक्रम से नौजवानों और देशवासियों को कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है जो उनको जीवन में आगे बढने. में प्रेरणादायक सिद्ध होता है।

**विकसित भारत**

**▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने में हमारा प्रत्येक देशवासी पूरी मेहनत के साथ लग गया है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी मिलकर इस संकल्प को अवश्य पूरा करेंगे: शर्मा**

मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत के उद्योगपतियों द्वारा कपड़ा उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट कपडे का सदुपयोग करने के प्रयासों की प्रशंसा की, जो प्रदेश व प्रत्येक हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है कि हम दूसरे लोगों के लिए प्रेरणादायक बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश का प्रत्येक वर्ग इतना ईमानदार व मेहनती है कि प्रधानमंत्री कई बार अपने मन की बात कार्यक्रमों में हरियाणा का जिक्र करते हैं। वहाँ उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सुझावों के साथ सभी बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करें और प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए वाइब्रंट विलेज प्रोग्राम के साथ जुडक? सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव लेने के साथ-साथ अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में हिस्सा लेकर आप संविधान के मूल्यों को लेकर जागरूकता भी फैलाएं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों के अनुभव को होलिडेज मैमोरी के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान जो तेलंगाना की महिलाओं द्वारा फूलों से कुकिंग सामान बनाने का जो सुझाव दिया है उसे हमारे महिलाएं भी अपनाएं और वे भी इससे कुकिंग प्रॉडेक्टर तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ऐसे सुझाव इसलिए सांझा करते हैं, ताकि हमारे अन्य देशवासी भी इन सुझावों के साथ देश की आगे बढ़ते हुए कुछ नया कर देश के विकास में अपना योगदान दे सके। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने में हमारा प्रत्येक देशवासी पूरी मेहनत के साथ लग गया है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी मिलकर इस संकल्प को अवश्य पूरा करेंगे। इस दौरान उन्होंने लोगों को पानी का सदुपयोग करने का

# राजपूत सभा ने किया युवक युवती सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रविवार को राजपूत** सभा करनाल की ओर से प्रथम राजपूत युवक युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 65 युवक युवतियों ने अपने रजिस्ट्रेशन दर्ज करवाएं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान अतिथियों की ओर से एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें विवाह योग्य राजपूत समाज के युवक युवतियों के संक्षिप्त परिचय दिए गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैप्टन राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पवन राणा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक रेखा



राणा और इनेलो के करनाल जिलाध्यक्ष रहे यशवीर राणा कुकू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभा की तरफ से सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि विक्रम संवत नव वर्ष के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप नंबरदार, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, सुरेंद्र सिंह सहित सभा के पदाधिकारियों ने रूपरेखा तय की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन राजेंद्र सिंह ने राजपूत सभा को एक लाख रुपए चंदा देने की घोषणा की और विशिष्ट अतिथि पवन राणा की तरफ से स्मारिका के लिए सवा लाख रुपए देने की बात कही। मुख्य अतिथि कैप्टन राजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक रेखा राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर राणा, प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह, भाजपा प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंदर राणा सहित सभी वक्ताओं ने इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि वर्तमान में समाज के युवक युवतियों को भागदौड़ भरी जिंदगी में रिश्ते के लिए समय नहीं मिलता। वहीं संयुक्त परिवारों के स्थान पर एकल परिवार ज्यादा बढ़ रहे हैं, जिससे रिश्तेदारों से संपर्क ज्यादा नहीं रहता। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में युवाओं की सोच भी बदली है। भूतकाल में परिवार के लोग लडका लडकी देखकर रिश्ता तय कर लेते थे, लेकिन आधुनिक युग में युवक युवतियां आमने-सामने रिश्ते करना चाहते हैं जिसके चलते राजपूत सभा करनाल की तरफ से जो प्लेटफार्म बनाया गया है, इससे रिश्ते को तय करने में आसानी रहेगी। इस प्लेटफार्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने वाले युवक युवती और उनके परिवार के लोग आपस में मिल बैठकर बातचीत कर सकते हैं। भविष्य में भी राजपूत सभा का यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में अच्छे पढ़े लिखे विदेश में रहने वाले और एमएनसी कंपनी में अच्छा पैकेज लेने वाले युवा और युवतियों के रिश्ते आए। अतिथियों की तरफ से कहा गया कि हमें अपने बच्चों को पढ़ाई के अलावा अच्छे संस्कार भी देने चाहिएं, ताकि वह एक अच्छे समाज और राष्ट्र का निर्माण भी कर सकें। प्रधान ने बताया कि इससे पहले राजपूत सभा की ओर से ऐसे परिवारों को भी सम्मानित किया जा चुका है, जिन्होंने दहेज नहीं लिया, मेधावी छात्रों के साथ-साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जा चुका है। राजपूत सभा समय-समय पर सामाजिक मुद्दे भी उठाती रहती है, जिससे समाज में जागरूकता आए।

# नगरपालिका पहुंचे निगम आयुक्त, पार्षदों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

महाराणा प्रताप अक्षत्रीय सभा पानीपत के तथावधान में राजपूत समाज वह सर्व समाज के लोगों ने राजपूत धर्मशाला पानीपत में इकट्ठा होकर के सपा सांसद रामजीलाल सुमन वह अखिलेश यादव का पुतला जीटी रोड पर दहन किया। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों में काफी आक्रोश था इस अवसर पर सभा के प्रधान सुरेश राणा वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने कहा है कि वीर शिरोमणि महाराणा संग्राम सिंह सांगा ने हिंदू धर्म और देश के लिए 100 लड़ाइयां लड़ी और सभी में जीत हासिल की महाराणा संग्राम सिंह एक वीर योद्धा थे उन्होंने मुगल आक्रांताओं के आगे कभी भी हर नहीं माने हुमायूं और बाबर को कई बार युद्ध में पराजित किया और 80 गाव अपने शरीर पर सहकर भी देश और समाज के हित में युद्ध लड़ते रहे और कभी भी देश को मुगल आक्रांताओं के अधीन नहीं होने



दिया ऐसे वीर योद्धा के अपमान में देश की सबसे बड़ी पंचायत में सपा सांसद रामजीलाल सुमन वह अखिलेश यादव ने राजपूत समाज का ही नहीं पूरे राष्ट्र का अपमान किया है इसलिए इन दोनों पर राष्ट्रद्रोह के आरोप में मुकदमा दर्ज सरकार को करना चाहिए यही सभी समाज की मांग है नहीं तो सर्व समाज सड़कों पर आकर के भारतीय जनता पार्टी और सपा का विरोध करेगा सतपाल राणा ने कहा है कि राजपूत समाज ने लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सफाई करने का काम किया है इस प्रकार से विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का भी सफाई करने का काम करेंगे इस अवसर पर सभा के महासचिव यशपाल राणा ने कहा है कि सपा सांसद ने इतिहास का ज्ञान नहीं है राजपूत समाज ने अपने खून से इतिहास को सींचा है जो लोग आज हमारे समाज का अपमान कर रहे हैं हम उनको कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे यह सब सर पर वीरेंद्र राणा महाकाल सेवा के प्रधान अमित शर्मा उपमन्यु कबीरपंथी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष कबीरपंथी सुधीर राणा कुशल पाल राणा राम सिंह राणा कल राणा जसबीर राणा महेंद्र राणा ओमकार राणा जसवंत राणा गजेंद्र राणा अनिल राघव गजेंद्र शेखावत आशु राणा कुलदीप राणा एडवोकेट आनंदपाल राणा कुशल पाल राणा यशपाल राणा सचिन राणा सुशील राणा शमशेर राणा प्रदीप राणा राजकुमार राणा जसवीर राणा सर्व समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए सिपाहियों ने दी बी-1 परीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**सिपाही से मुख्य** सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए पुलिस कर्मचारियों की बी-1 परीक्षा हुई। पुलिस विभाग में अनुसंधान अधिकारी बनाने के लिए विशेष प्रकार का कोर्स कराया जाता है। करनाल रेंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा का आयोजन समालखा में स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन हुआ। परीक्षा केंद्र में करनाल रेंज के अंतर्गत आने वाले जिला पानीपत, करनाल व कैथल के महिला व पुरुष सिपाहियों ने पदोन्नति की परीक्षा दी। रविवार को आयोजित की गई परीक्षा में उच्च अधिकारियों की देख-रेख में तीनों जिलों के 369 पुरुष व महिला सिपाहियों ने बी-1 परीक्षा पास करने के लिए टेस्ट दिया। जिला पानीपत से 149 पुलिसकर्मी परीक्षा में बैठे, करनाल से 121 व कैथल से 99 पुलिसकर्मियों ने परीक्षा दी। करनाल रेंज में परीक्षा के लिए पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल करनाल कुलदीप यादव आईपीएस की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। जिनकी देखरेख में परीक्षा हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि पुलिस विभाग में सिपाही से मुख्य सिपाही पद की पदोन्नति के लिए कुछ नियम निर्धारित हैं। इन नियमों के अनुसार जिन पुलिस सिपाहियों की सर्विस 5 साल पूरी हो जाती है और सर्विस रिकार्ड अच्छा है उनको मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए एक प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है। इसी कड़ी में पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर आईपीएस के निदेर्शानुसार सिपाही से मुख्य सिपाही पद की पदोन्नति की तैयारी के लिए पूरे हरियाणा में जिला स्तर पर बी-1 परीक्षा कराई जा रही है। इस फाइनल परीक्षा से पूर्व करनाल रेंज के सभी योग्य सिपाहियों का मॉक टेस्ट 22 मार्च को कराया गया था।

# युगांतर 2025: निवेदिता पब्लिक स्कूल के बच्चो छाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: निवेदिता पब्लिक** स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम युगांतर 2025 का शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर रामकुमार कश्यप गवर्नमेंट चीफ व्हिप ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। मंच का संचालन चांद कश्यप ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मवीर मिजार्पुर चेयरमैन पशुपालन विभाग ने की बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और हर किसी का मनमोह लिया। युगांतर 2025 सिल्वर जुबली कार्यक्रम में उन सभी मुख्य अतिथियों को बुलाया



गया था जो 2000 से अब तक स्कूल में मुख्य अतिथि रहे थे। सन 2000 में प्रथम बार के मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर राजेंद्र सैनी जिला ट्रेनिंग ऑफिसर रहे। सन 2013 में नगर परिषद अध्यक्ष उमा सुधा और 2016 से 2018 तक राज्य सभा सांसद रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी भूमिका निभाई और 2019 में सांसद व वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मुख्य अतिथि के तौर पर स्कूल में पधार चुके हैं। सन 2024 में खेल कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पंकज अरोड़ा मैनेजिंग डायरैक्टर लिटिल कैम्पस स्कूल व इंदु कौशिक खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर रही। 2025 के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार कश्यप ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूल की शोभा को बढ़ाया है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा, मोबाइल से दूर रहना आदि बुराइयों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रामकुमार कश्यप ने परीक्षा परिणाम में मैरिट में आने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और विशेष सम्मान दे कर बच्चों को पुरस्कृत किया। बच्चों को कठोर मेहनत करने को कहा और किसी भी एक गरीब मेहनती बच्चे को पढ़ाने को कहा। धर्मवीर मिजार्पुर ने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने और अच्छे संस्कार ग्रहण करने पर जोर दिया। डॉक्टर राजेंद्र सैनी ने कहा कि बच्चों पर मेहनत करके मेवा राम कश्यप ने इस स्कूल को बुलंदियों पर पहुंचाया है।

# खरखौदा को गोहाना जिले में मिलाना बिल्कुल बर्दाश्त नही

**खरखौदा/ सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

**खरखौदा। शहर के** परशुराम पार्क में रविवार को मास्टर राजेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक पंचायत आयोजित की गई। इसमें



गोहाना को संभावित जिला बनाए जाने की चचाओं के बीच खरखौदा को इसमें शामिल करने की आशंका पर चर्चा की गई। पंचायत में लोगों ने एक सुर में खरखौदा को सोनीपत जिले का ही हिस्सा बनाए रखने की मांग की और कहा कि वर्तमान में खरखौदा जिला बनने की स्थिति में है।पंचायत में इस मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए 21 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया और 30 लोगों को संयोजक नियुक्त किया गया। लोगों ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट बयान देने की मांग की, ताकि खरखौदा वासियों की आशंकाएं दूर हो सकें। उन्होंने कहा कि गोहाना को जिला बनाए जाने का विरोध नहीं है, लेकिन खरखौदा को इसमें शामिल करने का प्रयास गलत होगा।

# प्राचीन काल से ही हिंदू धर्म में गौमाता की सेवा को परम कर्तव्य माना गया: विधायक कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गांव सनपेड़ा के** राजकीय स्कूल के मैदान में रविवार को भगत करतार सिंह गौशाला का चौथा वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने हरियाणवी रागनियों के जरिए गोमाता का महत्व बताया। उन्होंने कहा, हर घर में गाय होनी चाहिए। जहां गाय होती है, वहां बीमारी नहीं आती। रागनियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की झलक भी दिखाई गई।



कार्यक्रम में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था। वार्षिकोत्सव की शुरूआत हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने भगत करतार सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। गौशाला कमेटी और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

# गांव कामी में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ सुना प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी** के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गांव कामी बूथ संख्या 209, 210, 211के कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी मन की बात का 120 वां कार्यक्रम देखा । गांव में पहुंचने पर भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा व चेयरमैन रविन्द्र दिलावर का फूलमालाओं से स्वागत किया । कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को आधुनिक भारत के दर्शन होते है और नई जानकारी भी देखने को मिलती है। प्रधानमंत्री का प्रत्येक मन की बात कार्यक्रम नई सोच को लेकर आता है और उनकी हर बात मन को छूने वाली होती है। मन की बात कार्यक्रम से नौजवानों और देशवासियों को कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है जो उनको जीवन में आगे बढने. में प्रेरणादायक सिद्ध होता है। मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत के उद्योगपतियों द्वारा कपड़ा उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट कपडे का सदुपयोग करने के प्रयासों की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सुझावों के साथ सभी बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करें और प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए वाइब्रंट विलेज प्रोग्राम के साथ जुडक? सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव लेने के साथ-साथ अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में हिस्सा लेकर आप संविधान के मूल्यों को लेकर जागरूकता भी फैलाएं। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक नैन ने किया । इस मौके पर ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी , मण्डल उपाध्यक्ष नवीन वशिष्ठ, रणबीर नैन ,भुपेंद्र नैन ,बलजीत वशिष्ठ, प्रेम सिंह नैन आदि मौजूद थे।

# केएस कान्वेंट स्कूल में टेलेंट फेस्ट नई उड़ान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पिहोवा रोड स्थित** केएस कान्वेंट स्कूल में टेलेंट फेस्ट नई उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष गुरिंदर सिंह घई, पंकज वैद्य और गगन द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई । कार्यक्रम में नृत्य कला, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल अध्यक्ष गुरिंदर सिंह घई ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अपना कौशल दिखाने का अवसर




देता है ।ताकि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपना कौशल दिखाने में मदद करता है। स्कूल प्रबंधक गुरिंदर सिंह घई ,प्रबंधन सदस्य चेष्टा सलूजा और प्रधानाचार्या राधा गुप्ता ने नई उड़ान के प्रतिभागी छात्रों की प्रशंसा कर उनका उत्साह बढ़ाया और इस कार्यक्रम में अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मुख्यातिथि पंकज वैद्य और गगन ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि स्कूल आने वाले समय में भी इसी तरह के विभिन्न प्रोग्राम आयोजित करते रहेंगे। स्कूल की अध्यापिकाओं में सुमन, रुचिका, लीना, रेनू, सोनाली, नेहा रानी, चंचल, सुलेखा, मनविंदर, निशा, अवनी, नेहा शर्मा, भारती, मीनाशी, पूजा, रिचा, अंजू और कुसुम प्रमुख तौर पर मौजूद रहीं।

# लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर हर महीने हजारों खर्च, लेकिन हालत बदतर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गन्नौर नगर पालिका** द्वारा साथ लगते लहरी सिंह पार्क की देखरेख करने, साफ सफाई रखने के लिए प्रति माह करीब 32 हजार रुपए का ठेकेदार को टेंडर दिया गया है । इसके बावजूद हालात यह है कि पार्क में जब भी आवारा पशु घुस जाते हैं तो उन्हें निकालने वाला कोई नहीं होता, परेशान होकर साथ लगते जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के कर्मचारियों को निकालना पड़ता है । आवारा पशुओं की समस्या न केवल स्वच्छता के लिए खतरा है, बल्कि यह भारत में घूमने आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पार्क में घूमने आए महेंद्र, रणबीर ने बताया



कि भारत की देखरेख के लिए नगर पालिका प्रतिमा हजारों रुपए खर्च रही है और पार्क में इस तरह आवारा पशु घूम रहे हैं तो ठेकेदार इसके प्रति जिम्मेदारियां नहीं निभाता है तो वही नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा नहीं कर रहे। पार्क में घूमने आई महिलाओं ने बताया कि वे शाम को घूमने आती है तो पार्क में घूमने के लिए बनाए गए ट्रैक पर भी साफ सफाई नहीं मिलती और पार्क में लगाए पौधों का भी ठीक तरह से रख रखाव ठीक नहीं हो रहा। जिससे

# हवन यज्ञ करके हिन्दू नव वर्ष व पावन नवरात्रों का पर्व मनाया

## वर्षों की परातन्त्रता के कारण हम अपनी महानतम संस्कृति व परंपराओं को छोड़कर पाश्चात्य रंग में रंग गए: भारत विकास परिषद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर इकाई के सयुंक्त तत्वाधान में नव संवत 2082 हिन्दू नव वर्ष व पावन नवरात्रों का पर्व हवन यज्ञ व संकीर्तन करके मनाया । भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि वर्षों की परातन्त्रता के कारण हम अपनी महानतम संस्कृति व परंपराओं को छोड़कर पाश्चात्य रंग में रंग गए है। संभवत है यही हमारी पतन का कारण बनता जा रहा है, हम 1 जनवरी को नववर्ष बनाते हैं परंतु उसे दिन नया क्या होता है । वही वातावरण, न कोई फसल, वही



भोजन,वेश आदि सब कुछ तो पुराना होता है। राष्ट्र के मूल्यों व हिंदू संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेते हुए अपना नववर्ष बनाएं। क्योंकि ब्रह्मा जी द्वारा इसी दिन सृष्टि की रचना की गई थी। योगेश कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। बसंत नवरात्रि अर्थात चैत्र नवरात्रि इसी दिन से प्रारंभ होते हैं । महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी आज ही के दिन हुई थी । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार, वरुणावतार संत झूलेलाल का व गुरु तेग बहादुर का बलिदान इसी दिन हुआ ।सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन शकों पर विजय प्राप्त कर विक्रम संवत प्रारंभ किया इसी दिन महर्षि गौतम जयंती है। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि इसी दिन सिख गुरु अमर दास को गुरु गद्दी प्राप्त हुई थी। इस अवसर पर डॉक्टर दीपचंद गर्ग, शिवकुमार गुप्ता, विकास भगवती, निशा कौशिक, भावना जग्या,मनीषा जैन, दीपिका शर्मा,राजेंद्र गुप्ता, कृष्ण गोयल, राजेंदर प्रशाद मित्तल,दिनेश जैन,पवन जिंदल, मनीष बंसल, अमित,सुरेश गोयल,डॉ राकेश जैन गायक अंशुल जिंदल,सत्य किरण दीवान,साहिल गोयल ने आदी मौजूद थे।

# जनप्रतिनिधियों पर महंगाई की मार, वाह सरकार

## संपादकीय

## नव संवत्सर : भारत का नव वर्ष

**आज यह** प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सही मायनों में कहा जाए तो समाज प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरुप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता का काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। जिसमें चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष, नया कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग यह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लम्बे चौड़े व्याख्यान देते हैं। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि-मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है। पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो। भारतीय तिथि-महीनों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों। परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। इसके बाद भी हमारे समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

**प्रेम शर्मा**

> "जहाँ जनता की रहनुमाई करने का दावा करने वाले महंगाई से चिंतित है वही आम जनमानस जनप्रतिनिधियों की नजर में अमीर है। ऐसा इसलिए कि देश में सांसदों और विधायकों से लेकर पार्षद आदि तक जितने भी जनप्रतिनिधि है इन पर महंगाई का असर आम जनमानस से अधिक रहता है यही कारण है कि मौका पाते ही इनके मानदेय भत्ते बढ़ाये जाने में एक क्षण की भी देर नही की जाती। संसदीय कार्य मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, अब सांसदों का वेतन 1 लाख रुपये प्रतिमाह से बढ़कर 1.24 लाख रुपये और दैनिक भत्ता 2000 रुपये से बढ़कर 2500 रुपये हो जाएगा। इसी प्रकार, पूर्व सांसदों को मिलने वाली पेंशन 25000 रुपये से बढ़ाकर 31000 रुपये प्रति माह कर दी गई है।सरकार का कहना है कि अप्रैल 2018 के बाद पहली बार मुद्रास्फीति के अनुरूप सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है"

**भारत देश** में कुछ किस्से अजीबो गरीब है। इस देश में एक दिन की सेवा के बाद भी पेंशन मिल रही है लेकिन बीस से तीस साल की सेवा के बाद पेंशन से वंचित किया जा रहा है। एक तरफ मधपान निषेध विभाग काम कर रहा है तो दूसरी तरफ आबकारी विभाग भी फलफूल रहा है। इस तरह के तमाम अजीबों गरीब कार्य है जो जनता को विचलित तो कर रहे है लेकिन आन्दोलित नही कर पा रहे है। अब महंगाई को देख ले तो महंगाई को लेकर जनप्रतिनिधि और जनता के बीच अजीबो गरीब स्थिति है। जहाँ जनता की रहनुमाई करने का दावा करने वाले महंगाई से चिंतित है वही आम जनमानस जनप्रतिनिधियों की नजर में अमीर है। ऐसा इसलिए कि देश में सांसदों और विधायकों से लेकर पार्षद आदि तक जितने भी जनप्रतिनिधि है इन पर महंगाई का असर आम जनमानस से अधिक रहता है यही कारण है कि मौका पाते ही इनके मानदेय भत्ते बढ़ाये जाने में एक क्षण की भी देर नही की जाती। संसदीय कार्य मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, अब सांसदों का वेतन 1 लाख रुपये प्रतिमाह से बढ़कर 1.24 लाख रुपये और दैनिक भत्ता 2000 रुपये से बढ़कर 2500 रुपये हो जाएगा। इसी प्रकार, पूर्व सांसदों को मिलने वाली पेंशन 25000 रुपये से बढ़ाकर 31000 रुपये प्रति माह कर दी गई है।सरकार का कहना है कि अप्रैल 2018 के बाद पहली बार मुद्रास्फीति के अनुरूप सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है. सांसदों की सैलरी और भत्ते में वृद्धि के बाद सरकारी खजाने पर अतिरिक्त भार पड़ेगा और प्रत्येक सांसद पर हर साल करीब 42.9 लाख रुपये खर्च होंगे।

इनमें वेतन, भत्ता और अन्य खर्च शामिल हैं. वहीं कुल सांसदों पर हर साल अनुमानित 3,386.82 करोड़ रुपये खर्च होंगे।सरकार ने सांसदों के वेतन में वृद्धि के पीछे महंगाई और कॉस्ट ऑफ लिविंग को मुख्य आधार बताया है। लेकिन सरकारी आंकड़े सांसदों और आम आदमी के बीच आय असमानता की ओर इशारा करते हैं। जनप्रतिनिधियों के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोतरी इस बार भी सवाल उठ रहे हैं। सांसदों के वेतन में चौबीस फीसद की बढ़ोतरी की गई है।




> " महंगाई की तुलना में आय में बढ़ोतरी होनी ही चाहिए, लेकिन यह सिद्धांत जब केवल कुछ लोगों तक सीमित कर दिया जाता है, तो अंगुलियां उठती हैं। इस पर विचार आखिर कौन करेगा!सांसदों के वेतनादि में वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के सापेक्ष एक व्यंग्य के माफिक है। यह देश की सियासत का दुखद पहलू है कि आज कोई भी डॉ. राम मनोहर लोहिया नहीं जो देश के हुक्मरानों को वस्तुस्थिति बता सके कि देश के हालात क्या है "

इसी तरह हर भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी हुई है। कहा जा रहा है कि महंगाई दर के मद्देनजर इस बढ़ोतरी का फैसला किया गया। वेतन, भत्तों और पेंशन में वृद्धि का सूत्र ही महंगाई के मद्देनजर तय किया गया था, इस लिहाज से यह बढ़ोतरी गलत नहीं कही जा सकती। मगर सवाल है कि क्या आम लोगों की आमदनी में भी इसी अनुपात में वृद्धि हो सकी है। महंगाई पर काबू पाने की तमाम कोशिशों के बावजूद लंबे समय से इसका स्तर भारतीय रिजर्व बैंक के तय चार फीसद के मानक से ऊपर बना हुआ है।खाद्य वस्तुओं, फल-सब्जियों, रोजमर्रा उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आम लोगों की क्षमता से बाहर हैं। उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर स्पष्ट है कि पिछले दस वर्षों में लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी है। इस तरह जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की आय में असमानता काफी बढ़ गई है। क्योंकि सांसदों, विधायकों को उस तरह केवल अपने वेतन पर गुजारा नहीं करना पड़ता, जिस तरह आम कर्मचारियों, वेतनभोगी लोगों को करना पड़ता है। इसलिए इस बढ़ोतरी को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं।यह सवाल लंबे समय से पूछा जाता रहा है कि जनप्रतिनिधियों को खुद अपने वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी करने का अधिकार क्यों होना चाहिए। इसके लिए भी एक स्वतंत्र समिति क्यों नहीं गठित की जाती।

फिर, उन्हें मिलने वाली पेंशन पर भी सवाल उठते रहे हैं कि जब एक सामान्य कर्मचारी को लंबी सेवा के बाद अब पेंशन की कोई योजना नहीं रह गई है या बहुत मामूली है, तो फिर एक बार चुनाव जीत जाने भर से किसी जनप्रतिनिधि को जीवन भर पेंशन पाने का हक क्यों होना चाहिए। उस पेंशन की राशि भी एक आम वेतनभोगी से काफी अधिक होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जनप्रतिनिधियों के खर्चे कई तरह के होते हैं और अगर महंगाई के अनुरूप उनके वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी न की जाए, तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मगर उन्हें मिलने वाले भत्ते इतने हैं कि शायद ही किसी को मुश्किल आती हो। मुफ्त का आवास, वाहन, यात्रा भत्ता, क्षेत्र दौरे के लिए भत्ता, कार्यालय खर्च का भत्ता, संसदीय सत्र के दौरान का भत्ता आदि मिलता है। एक सवाल यह भी उठता रहा है कि जब राजनेता समाजसेवा का संकल्प लेकर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो उन्हें वेतन-भत्तों आदि का लोभ होना ही क्यों चाहिए। हर वर्ष सांसदों को मिलने वाले वेतन और भत्तों में भारी रकम खर्च होती है, जिससे सार्वजनिक खजाने पर बोझ बढ़ता है। वह सारा खर्च आम लोगों की कमाई से ही जाता है। तो, यह पूछा जाना स्वाभाविक है कि आमजन की चिंता का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि अपने ऊपर होने वाले सरकारी खर्च में कटौती पर विचार क्यों नहीं कर पाते। हमारे देश में जनप्रतिनिधियों पर कई देशों की तुलना में बहुत अधिक खर्च होता है, इसलिए भी द्य यह बढ़ोतरी लोगों को खटकती है।

महंगाई की तुलना में आय में बढ़ोतरी होनी ही चाहिए, लेकिन यह सिद्धांत जब केवल कुछ लोगों तक सीमित कर दिया जाता है, तो अंगुलियां उठती हैं। इस पर विचार आखिर कौन करेगा !सांसदों के वेतनादि में वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के सापेक्ष एक व्यंग्य के माफिक है। यह देश की सियासत का दुखद पहलू है कि आज कोई भी डॉ. राम मनोहर लोहिया नहीं जो देश के हुक्मरानों को वस्तुस्थिति बता सके कि देश के हालात क्या है। और किस तरह से जो राशि जनता के कल्याणार्थ है उसे सांसदों पर खर्च किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इसी बजट सत्र में संसद में मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी का सवाल उठाया गया और कहा गया कि केंद्र सरकार मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं दे रही है। यह सरकारी लालफीताशाही का उदाहरण है। एक अनुमान के मुताबिक वर्तमान में 95 प्रतिशत सांसद ऐसे हैं जिनके पास एक करोड़ से अधिक की संपत्ति है। कई सांसदों की संपत्ति तो सौ करोड़ रुपये से अधिक है। इसके बावजूद इन पर महंगाई की चिन्ता आम आदमी के साथ बेइमानी है।

## कविता

### जै जै माता दी

चैत्र नव वर्ष एवं नवरात्रि की
बधाई एवं शुभकामनायें,
जय माता दी ,जय माता दी।
माता का आशीर्वाद सभी पर
बना रहे।
सबके हिस्से की कड़वाहट,
निराशाए लेजा, बीता वर्ष ।।
बच्चों की मुस्कान,
खिलखिलाहट, आल्हाद दे
जा नया वर्ष ।।
पुराने नफे-नुकसान की कर
ले
गणना,
और लेजा गर्भ में इतिहास
के।
भविष्य का चमचमाता सूर्य
हमारी संभावनाओं के लिए दे
जा नया वर्ष।।
हिस्से का तमाम तमस
ले जा छुपा दे दरिया में ।
नई रोशनी का नव समंदर
पिरो दे नयी क्रांति में नया
वर्ष।।
माना जिंदगी हर एक दिन की
पुनरावृत्ति ही है ।
हर रोज एक नई सुबह
एक नई शाम दे जा
नया वर्ष ।।
ले जा तमाम व्याधियों को
घटना, दुर्घटनाओं को ।।
और दे जा नकों की
मासूमियत, प्रकृति के नये
रूप को
नया रंग दे जा नया वर्ष।। ।।
शब्द वही सुंगार वही
बात वहि अल्फाज वहीं।।
इस बार नया रूप,नई सज्जा,
नया रंग कविताओं को दे जा
नया वर्ष।।
कैसे भूले बिता पल सुखद
होता है कड़वा हो या मीठा।
ऐतिहासिक बना देना आने
वाले कल को नया वर्ष।।
आपको आपके पूरे परिवार
को नववर्ष की अनंत
शुभकामनाएं"
जय माता दी जय भवानी मां
जय दुर्गा मां।

संजीव

## रुपहले पर्दे पर वेदना की प्रतिमूर्ति मीनाकुमारी

**अंजनी सक्सेना**

**रजतपट** की रूपहली दुनिया में अभिनेत्रियां आती-जाती रहती हैं। कुछ धमाके के साथ फिल्मी दुनिया में पदार्पण करती है, तो कुछ बिना धूम धड़ाके से इस रूपहली दुनिया में प्रवेश करती है। पर बहुत कम अभिनेत्रियां ऐसी होती है, जो अभिनय के माध्यम से दर्शकों के दिलों पर अधिकार कर लेती हैं। स्वर्गीय मीना कुमारी की गिनती भी ऐसी अभिनेत्रियों में होती है, जिन्हें भारतीय सिनेमा के दर्शक आज तक भुला नहीं पाए हैं ।

केवल चार साल की मासूम उम्र से अभिनय के क्षेत्र में अपने कदम रखने वाली मीना कुमारी ने जहां गमगीन नारी के अभिनय के नये कीर्तिमान रचे, वही उनका निजी जीवन भी नीर भरी दुःख की बदली बन गया। अत्यंत गरीबी में पलने वाली मीना कुमारी ने अत्यधिक विवशता में अभिनय शुरू किया था। चार साल की आयु में जब उन्हें पैरों में पैजनियां बांधकर ठुमक ठुमक कर चलना था, तब वे रोशनियों की चकाचौंध में कैमरों के सामने अभिनय करने को विवश थी। उनकी पहली, फिल्म थी लेदर फेस जिसमें वे बाल कलाकार के रूप में आयी थी । इसके अलावा उन्होंने एक ही भूल, गरीब, लाल हवेली, बहन और प्रतिज्ञा में काम किया । पहिले वे महजबीन के नाम से अभिनय करती थी। पर एक ही भूल में विजय भट्ट ने उन्हें मीना कुमारी के नाम से प्रस्तुत किया। सन् 1946 में मीना कुमारी, जब केवल 14 वर्ष की थी, तब उन्हें नायिका की भूमिका मिली । नायिका के रूप में उनकी पहली फिल्म थी बच्चों का खेल पर उन्हें नायिका के रूप में असली ख्याति मदहोश से मिली । इसके बाद मीना कुमारी, कमाल अमरोही के सम्पर्क में आयीं । कमाल अमरोही 'महल' बनाकर अच्छी ख्याति अर्जित कर चुके थे । वे अनारकली बना रहे थे। महल की नायिका मधुबाला ने इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था । कमाल अमरोही ने अनार कली में मीना कुमारी को प्रस्तुत किया । इससे फिल्म से जहां मीना कुमारी के अभिनय का डंका बजा, वहीं अत्यंत भावुक एवं संवेदनशील मीना कुमारी कवि एवं कलाकार के रूप में प्रसिद्ध, कमाल अमरोही के प्रेमपाश में बंध गयीं। घर वालों के विरोध के बावजूद उन्होंने कमाल अमरोही की दूसरी पत्नी बनना स्वीकार कर लिया । वैवाहिक जीवन मीना कुमारी को रास नहीं आया । कमाल अमरोही और मीना कुमारी के दाम्पत्य संबंधों में दरार आई जो वह रोज की कहा सुनी और मारपीट में परिवर्तित हो गयी। अत्याचारों से दुखी मीना कुमारी ने कमाल अमरोही से रिश्ते तोड़ लिए और वे एकाकी जीवन बिताने लगी । गम, गुस्सा और अकेलेपन से पीड़ित मीनाकुमारी ने मानसिक तनाव दूर करने के लिए नींद की गोलियां खाना शुरू की । बाद में एक डाक्टर की सलाह पर उन्होंने नींद की गोलियों की जगह एक पेग ब्रांडी पीना शुरू किया और कुछ ही दिनों बाद शराब उनकी आदत में शामिल हो गयी । मीना कुमारी बचपन से ही प्यार, पनाह एवं स्नेह को तलाशती रही।

## विचार

## श्रद्धा व भक्ति का केन्द्र लालकुआँ का माँ अवंतिका मंदिर

**रमाकांत पंत**

**कुमाऊं** के प्रवेश द्वार लालकुआं नगर में अवन्तिका माता बड़ी ही श्रद्धा के साथ पूजित हैं। मान्यता है, कि मर्यादित, संयमित नीतिसम्मत, सिद्धान्तपरक, मूल्यपरक कुल मिलाकर शान्तिपूर्वक जीवन यापन व्यतीत करने के इच्छुक भक्तों के लिए माँ अवन्तिका की शरणागति ही हर तरह के संशय, संकट ,भय ,रोग,शोक दुःख ,दरिद्र, एवं विपदाओं से मुक्त करती है। शिव के साथ माँ का पूजन वैभव को प्रदान करने वाला कहा गया है।

मानस भूमि के प्रवेश द्वार लालकुआं नगर के उत्तर दिशा में माता अवन्तिका का दरबार सदियों से पूज्यनीय है, इस स्थान पर माता अवन्तिका की पूजा कब से होती है यह सब अज्ञात है। कुछ देवी भक्तों का मानना है, कि पूर्वकाल में घनघोर जंगल में वट वृक्ष के नीचे माता की एक छोटी सी मूर्ति थी जिसे भक्तजन ललिता देवी, वन देवी, कोकिला देवी, त्रिपुर सुन्दरी आदि तमाम रुपों में पूजते थे। हिमालय की ओर जाने वाले ऋषि मुनि संतजन भी इस देवी को विभिन्न रुपों में पूजकर हिमालय भूमि की ओर प्रस्थान करते थे।

**देवभूमि हिमालय के बारे में पुराणों में कथन है**

**"अस्त्युन्तरस्या दिशी देवतात्मा हिमालयों नाम नगाधिराजः"**

वास्तव में महाशक्ति ही परम ब्रह्म के रुप में हिमालय भूमि के कदम-कदम पर प्रतिष्ठित है। हिमालय भूमि में प्रवेश से पूर्व यहां से गुजरने वाले आगन्तुकों को अवन्तिका माता के दर्शन के बाद ही हिमालय दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है, हिमालय भूमि में नौ दुर्गाओं दस महाविद्याओं सहित अनेक स्वरुपों में उनकी लीला दृष्टिगोचर होती है।

परमात्मास्वरुपिणी अवन्तिका शक्ति मन्दिर परिसर में चैत्र, आषाढ़, अश्विन, और माघ मास के चारों नवरात्रों में अवन्तिका देवी का विधि का पूर्वक पूजन किया जाता है।

कुमाऊं के प्रवेश द्वार व जनपद नैनीताल की तलहटी पर स्थित अवन्तिका माता की महिमा का वर्णन अनन्त व अगोचर है, अवन्तिका देवी के बारे में पुराणों में अनेक कथाएं मिलती हैं। अवन्तिका नाम से प्रसिद्ध रमणीय नगरी उज्जैन देह धारियों को मोक्ष प्रदान करने वाली तथा भगवान शिव की परम प्रिय नगरी कही गयी है। परम पुण्यमयी व लोकपावनी नगरी अवन्तिका की महिमा से ही तमाम देवी व शिव भक्तों की अनेक गाथाएं जुड़ी हुई है, इस नगरी में ही भगवान शिव तीसरे ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर नाम से विराजमान है। माँ अवन्तिका देवी करुणामयी, दयामयी तथा ममता का अथाह सागर कही गयी है, अपने भक्तों से स्नेह रखना तथा उनका सर्वत्र मंगल करना माँ का परम स्वभाव है। शास्त्रकारों का कथन है, कि विषम परिस्थितियों के बीच जो भक्त सम्पूर्ण श्रद्धा विश्वास व समर्पण की भावना से अपने आराधना के श्रद्धा पुष्प माँ के चरणों में अर्पित करता है, वह कल्याण का भागी बनता है, इसलिए माता अवन्तिका की आराधना, उपासना,वंदना मनुष्य के लिए कल्याणकारी बतलायी गयी है, इसी शक्ति तत्व में माता के सभी रुप समाहित है, जो सृष्टि के कल्याण के लिए अनेकानेक लीलाओं का सतत सृजन करती है। इस देवी के दरबार में सामान्यतः जीवन में असाध्य रोगों व गम्भीर संकटों से छुटकारा पाने के लिए, तथा हर तरह की विघ्न बाधाएं शान्त करने के लिए विधि पूर्वक किए जाने वाले पूजन को अत्यधिक प्रभावशाली व तत्काल फलदायी माना गया है, स्वयं ब्रह्मा जी ने माँ की स्तुति एवं महिमागान करते हुए कहा है, कि हे देवी तुम्हीं इस विश्व ब्रह्माण्ड को धारण करती हो, तुम से ही इस जगत की सृष्टि होती है, तुम्हीं से पालन होता है, देवी तुम्हीं महामाया हो, महाविद्या हो महामेधा हो, महास्मृति और महामोहरूपा भी महादेवी व महेश्वरी भी तुम्हीं हो, तुम ही श्री ईश्वरी व बोध स्वरुपा बुद्धि हो तथा लज्जा, पुष्टि, तुष्टि, शान्ति, तथा क्षमा भी तुम्हीं हो तुम खड्ग धारिणी, घोर रुपा तथा गदा चक्र, और धनुष धारण करने वाली हो तुम सौम्य और सौम्यतर हो इतना ही नहीं जितने भी सौम्य पदार्थ एवं सुन्दर वस्तुए है, तुम उनमें अत्यधिक सुन्दर हो।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संरक्षक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं

**तनवीर जाफरी**

**भाजपा** द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। खबरों के मुताबिक भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनजर ईद पर 'सौगात-ए-मोदी' पर चर्चा होना लाजिमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है। पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नजरों में क्या यह 'तुष्टिकरण' नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो कर उसे 'सन्तुष्टीकरण ' का नाम दे दे ?"दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नजर आया। फिर अब आखिर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी जरुरत क्यों महसूस हुई ? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की खातिर 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या 'मुफ्त की रेवड़ी ' नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं।

## राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**गणगौर** एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहां के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुंवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### यमुनानगर हाईवे पर तेज रफ्तार के कारण पलटी कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री-यमुनानगर स्टेट** हाईवे पर सलारू गांव के पास रविवार को एक भयानक सडक हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह कई बार पलटती हुई सडक पर जा गिरी। हादसा इतना जबरदस्त था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। कार में सवार दोनों लोग अंदर ही फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कार का डीजल टैंक फट गया, जिससे सारा तेल सडक पर फैल गया। सडक पर तेल फैलने के कारण वहां फिसलन बढ़ गई और यातायात प्रभावित होने लगा। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वहां खड़े वाहनों को सुरक्षित तरीके से निकलवाया, ताकि किसी अन्य वाहन को नुकसान न हो। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी और बीच सडक पर पलटी हुई थी। कार मालिक ने खुद क्रेन मंगवाई और अपनी गाड़ी को हटवाया। पुलिस ने सडक पर फैले डीजल की सफाई करवाई और यातायात को सामान्य किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद लोगों की मदद से पुलिस ने कार को सीधा किया। हादसे के वक्त कार में दो लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आईं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। डायल 112 के इंचार्ज जगपाल सिंह ने बताया कि कार का संतुलन बिगड? से यह हादसा हुआ। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है। कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे कार सडक पर कई बार पलटी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### एसपी गंगाराम पूनिया ने देर रात किया थाना घरौंडा का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस अधीक्षक गंगाराम** पुनिया ने बीती देर रात को घरौंडा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे करीब एक तक थाने में रहे और पुलिस रिकॉर्ड की गहन जांच की। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों से बातचीत कर लंबित मामलों की जानकारी ली और क्राइम कंट्रोल को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए। एसपी ने विदेश से आने वाली फिरौती कॉल के मामलों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विदेश में बैठे अपराधियों के इशारे पर काम करने वालों के खिलाफ करनाल पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कई अपराधियों को पहले ही पकड़ लिया गया है, जबकि कुछ और भी पुलिस के रडार पर हैं। उन्होंने बताया कि इन मामलों में जिला पुलिस लगातार प्रयासरत है और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान एसपी गंगाराम पुनिया ने डीएसपी मनोज कुमार व थाना प्रभारी दीपक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने थाने में आने वाली शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान किया जाएए ताकि आमजन को न्याय मिल सके। करनाल में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर पूछे गए सवाल के जवाब में एसपी ने कहा कि डिटेक्टिव स्टाफ इन मामलों को देखता है और उनकी परफॉर्मेंस की समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए कुछ नए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में चोरी की घटनाओं में कमी देखने को मिलेगी और पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षा का एहसास कराना है। यदि कोई अपराध होता है तो उसका समाधान तुरंत किया जाए और इसमें शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि थानों में आने वाले शिकायतकताओं के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों पर कानून के अनुसार उचित कार्रवाई तुरंत की जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में दर्ज मामलों की समीक्षा की और देखा कि लंबित मामलों में क्या प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी जांचा कि लड़ाई-झगड़ों और अन्य मामलों में पुलिस की कार्रवाई किस स्तर पर है। इसके अलावा उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि थाने का रिकॉर्ड सही तरीके से मेंटेन किया जा रहा है या नहीं।

# किसानों को बड़ी ऑयल मिल प्रोजैक्ट की मिलेगी सौगात: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मुख्यमंत्री नायब सिंह** सैनी ने कहा कि हरियाणा के सरसों का उत्पादन करने वाले लाखों किसानों को प्रदेश सरकार ने कुरुक्षेत्र में बड़ी ऑयल मिल तथा रेवाड़ी और नारनौल में ऐशिया की सबसे बड़ी ऑयल मिल लगाने की परियोजना तैयार की है। इस परियोजना को जल्द ही अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस परियोजना से लाखों किसानों को फायदा होगा। इन सभी किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि हरियाणा में देश का पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार गांव समानी में ग्राम पंचायत की तरफ से



मन की बात कार्यक्रम को लेकर आयोजित भव्य समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात 120वीं कड़ी में देश के नागरिकों को सम्बोधित किया और खेलो इंडिया पैरा गेम के खिलाडि?ों को दी बधाई। इन खेलों में हरियाणा के खिलाडि?ों ने 34 स्वर्ण पदक, 39 रजत पदक और 31 कांस्य पदक जीतकर सहित हरियाणा ने कुल 104 पदक हासिल किए है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल योगा 2025 को योगा फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के तहत सभी प्रदेशों को कार्य करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष नव सम्वत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए गांव समानी के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने के साथ-साथ सभी मांगों को पूरा करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि चुनावों के बाद अब प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास मूल मंत्र पर चलते हुए प्रदेश में तीन गुणा तेज गति से विकास कार्य करवाएं जाएंगे। अभी हाल में विधानसभा सदन में इतिहास का सबसे बड़ा बजट पारित किया गया है और हर मद में समान रूप से बजट का बंटवारा किया गया है और प्रदेश का चंहुमुखी विकास करने के लिए पूरी संरचना और योजना तैयार कर ली गई है। सरकार ने जिन लोगों का पंचायती भूमि पर 20 साल से पुराना मकान है उनको 2004 के कलैक्टर रेट पर देने का निर्णय लिया है।

## 50 वर्षों से पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति का अभाव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा पुस्तकालय** संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों, विद्यालयों और जन पुस्तकालयों में पुस्तकालय कर्मियों की तत्काल भर्ती की मांग की है। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों में पिछले 50 वर्षों से पुस्तकालयाध्यक्षों की सीधी भर्ती नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा स्थापित विद्यालयों में भी पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया वर्षों से लंबित है। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों में प्रतिवर्ष लाखों रुपयों की पुस्तकें खरीदी जाती हैं, परंतु उचित रखरखाव और योग्य पुस्तकालय कर्मियों के अभाव में इन पुस्तकालयों का लाभ विद्यार्थियों तक नहीं पहुँच पाता। संघ के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है, जबकि केंद्रीय विद्यालयों, विद्यालयों, आरोही पब्लिक स्कूलों और सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में प्रारंभिक स्तर से ही एक सुसंगठित पुस्तकालय, योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य पुस्तकालय कर्मचारियों की उपलब्धता अनिवार्य है।

## पति और बेटे ने महिला को बेरहमी से पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** बल्ला में एक महिला को उसके पति और बेटे ने मिलकर बेरहमी से पीट दिया। दोनों शराब के नशे में धुत होकर आए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो डंडों और बिंडो से हमला कर उसकी दोनों टांगें तोड़ दीं और हाथ का अंगूठा भी तोड़ दिया। महिला किसी तरह अपने बड़े बेटे के साथ अस्पताल पहुंची और इलाज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी बाप बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गुरमती नामक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति सुदर्शन मान और बेटे रोहित की रोजाना शराब पीने की आदत है।

## साइबर धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए डायल करें 1930: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल



की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।

उपायुक्त ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है।

## पौधारोपण कार्यक्रम का आरम्भ किया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत** कुमार ने राष्ट्रीय वृक्ष बरगद रोपण अभियान-2025 के अंतर्गत गाँव कोहंड के युवाओं और देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ खेल स्टेडियम कोहंड को ऑक्सीजन खेल स्टेडियम में तब्दील करने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम का आरम्भ किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज कोहंड गाँव के युवाओं राहुल रावल, बिंदर,लोकेश रावल ,वनिश, आदित्य, जयंत,यश, अभिषेक, सुरेश रावल, जोगिंदर रावल, मिंकू रावल,आनंद आदि के साथ 8 बरगद,तीन पीपल, जामुन,चार नीम,पापड़ी सहित 20 वृक्ष रोपित किए।ग्रीनमैन ने कहा कि पानीपत रिफाइनरी के कारण आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा अधिक है और कोहंड के खेल स्टेडियम में हजारों की संख्या में युवा और गाँव के गणमान्य व्यक्ति व्यायाम करने आते हैं। युवाओ के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक ऑक्सीजन वाले पौधे रोपित करके कोहंड खेल स्टेडियम को ऑक्सीजन खेल स्टेडियम में तब्दील करने का अभियान चलाया गया। राहुल रावल ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के साथ मिलकर अधिक से अधिक ऑक्सीजन युक्त पौधे स्टेडियम में लगाकर उनका रखरखाव करेंगे।

## युवा प्राचीन संस्कृति को याद कर चुनौतियों के लिए करें खुद को तैयार: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के स्पीकर हरविंद्र कल्याण रविवार को बसताड़ा के वार हीरोज मेमोरियल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बनाए गए म्यूजियम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर युवा पीढ़ी को आह्वान किया कि भारत के गौरवशाली इतिहास, हमारी प्राचीन संस्कृति को याद करते हुए आने वाले कल की चुनौतियों के लिए खुद को



तैयार करें। इसके साथ-साथ युवा पीढ़ी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बढ़-चढकर अपना योगदान दें। उन्होंने स्कूल में वार हीरोज से जुड़ी अद्भुत जानकारी एकत्रित करने पर स्कूल के चेयरमैन, वीर चक्र लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार हीरोज की इतनी जानकारी इस स्कूल में हैं, इससे पहले किसी स्कूल में नहीं देखी। बच्चे ज्यादा से ज्यादा अपने देश के जाबांजों, वार हीरोज के जीवन को पढ़ें और उनसे प्रेरणा लें, इस नाते से यह म्यूजियम स्कूल के अंदर लंबे समय तक समाज को और बच्चों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि इस म्यूजियम का उद्घाटन उनके द्वारा किया जा रहा है।

**बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें, माता-पिता का यही सपना**

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और आगे बढ़े। यहां बच्चों को अच्छे संस्कार मिल रहे हैं, अच्छा अनुशासन मिल रहा है। जीवन में जिन ऊंचाइयों को छूना है, उस राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों, बच्चों को स्कूल के वार्षिक उत्सव की हार्दिक बधाई दी। यह म्यूजियम हमें सिखाता है कि किसी मुकाम पर पहुंचने के बाद समाज का वापिस कैसे लौटाना है। स्पीकर ने कहा कि लोग जीवन में मुकाम हासिल करने के बाद जीवन को सुविधाओं से भरने का

## हलवा बांटकर मनाया हिंदू नव वर्ष संवत 2082

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: शहर की सुप्रसिद्ध** संस्था जन सहयोग कुरुक्षेत्र ने प्रधान अंगूरी लाल जी की अध्यक्षता में सरकारी अस्पताल में दाखिल सैंकड़ों मरीजों और उनके सहायकों को हलवे का प्रसाद बांटकर नूतन वर्ष का स्वागत किया। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जी ने बताया कि संस्था जन्म दिवस,शादी की सालगिरह, किसी पूर्वज की बरसी, नव वर्ष उत्सव व अन्य किसी त्योहार के अवसर पर सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर,भंडारे, वस्त्र वितरण,पीने के पानी की छबील,



फल वितरण सेवा,दूध वितरण सेवा, मेडिकल उपकरण वितरण कैंप,स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे कार्यक्रम करती रहती है जिससे समाज के बेहद जरूरतमंद वर्ग का भला हो सके। संस्था के रक्त मंत्री मिथुन समाना ने बताया कि इस संस्था में ऐसे सैकड़ो जाने अनजाने मददगार हाथ जुड़े हुए हैं जो समय-समय पर ऐसे पुनीत कार्यों में अपनी आहुति डालते रहते हैं।

## समझौते में दिए चेक हुए बाउंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के एक** व्यक्ति से शाहबाद मारकंडा के व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए हड़प लिए। आरोप है कि कनाडा में वर्क वीजा देने का झांसा देकर उसे टूरिस्ट वीजा थमा दिया। ठगी की शिकायत पुलिस में होने पर आरोपी ने पैसे लौटाने का समझौता किया और बैंक चेक दिया, लेकिन चेक बाउंस हो गया। उसने अपने रुपए मांगे तो आरोपी ने नहीं दिए, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस को दी शिकायत में संजीव कुमार के मुताबिक वह विदेश जाना चाहता था, जिसके लिए उसने आशीष कुमार से संपर्क किया।

## एक बेटी करती है दो घरों को रोशन: अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगर की प्रतिष्ठित** उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा नवरात्रि के अवसर पर कन्या भ्रूण हत्याविरोधी कार्यक्रमों की शुरूआत की गई।इस अवसर पर झांसा रोड स्थित शांति एनक्लेव में कन्या भ्रूण हत्या- विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शांति एनक्लेव की जागरूक नारी शक्ति ने उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संस्था की तरफ से कन्या भ्रूण हत्या-विरोधी शपथ-पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए संस्था





अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि समाज की अनेकों बुराइयों में कन्या भ्रूण हत्या भी शामिल है जिसका दुष्परिणाम आज विभिन्न राज्यों में स्पष्ट देखने को मिल रहा है जहां लिंगानुपात की स्थिति काफी सोचनीय बनी हुई है।अनिल वर्मा ने कहा कि आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज. नहीं करवाई हो।उन्होंने कहा कि बेटा एक घर का चिराग होता है जबकि बेटी दो घरों को रोशन करती है इसलिए हम सबका यह सामाजिक दायित्व है कि कन्याओं का जीवन बचाने के लिए घर- घर अलख जगाई जाए और कन्याओं की जान बचाई जाए।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी जयपाल सैनी ने कहा कि नवरात्रों के अवसर पर कन्याओं का जीवन बचाने के उद्देश्य से उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा चलाया जा रहा अभियान प्रशंसा के काबिल है।जयपाल ने कहा कि अगर संस्था के प्रयास से किसी एक भी मासूम कन्या का जीवन बच जाता है तो भी यह अभियान सफल माना जाएगा।इस अवसर पर तमाम शांति एनक्लेव वासी उपस्थित थे।

## शिक्षा नौकरी पाने का जरिया नहीं, बल्कि यह जीवन परिवर्तन का मार्ग है : बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल के 25वें स्थापना समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह एक जीवन परिवर्तन का मार्ग है। शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। उन्होंने वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के 25 वें स्थापना दिवस पर समस्त छात्रों व स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज



के कार्यक्रम में छात्रों ने महिला सशक्तिकरण को लेकर बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी है, जो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बेटी-बचाओ और बेटी-पढ़ाओ अभियान को शुरू किया था। इसके साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं की शुरूआत की गई है, जिसका लाभ महिलाएं उठा रही हैं।

**तेजी से आगे बढ़ रहा भारत**

राज्यपाल ने कहा कि भारत तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विश्व की बड़ी शक्तियों में भारत का नाम गिना जाता है। देश को आगे बढ़ाने में हमारी युवा शक्ति का अहम योगदान है। हमें शिक्षा के साथ.साथ स्किल पर भी कार्य करना चाहिए। आज शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का महत्व बढ़ गया है। ऐसे में हम नए-नए स्किल सीखकर न केवल नौकरी अर्जित कर सकते हैं बल्कि नए-नए स्टार्टअप भी खड़े कर सकते हैं।

**गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल**

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा है। बेहद खुशी है कि विद्यालय अपने 25 वर्ष पूरे कर रहा है। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पशु-पक्षियों के लिए भी संस्था के द्वारा कार्य किया जा रहा है। मेधावी छात्रों को फीस में छूट दी जाती है। यह सराहनीय है।

**राज्यपाल ने आमजन से की अपील**

राज्यपाल ने सभी आमजन से अपील की है कि इस गर्मी के मौसम में अपने घरों की छत पर किसी भी बर्तन में पीने का पानी अवश्य रखें ताकि पक्षी गर्मी में पानी पी सकें।

**शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर बल : पीयूष मुनि जी महाराज**

प्रेरक भारत संत श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि संत विभूतियों के पवित्र नाम से स्थापित शिक्षण संस्थान समाज के बुनियादी आवश्यक विकास के लिए नींव का पत्थर साबित होते हैं।

## विधायक गहलावत आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रेस सचिव योगेश के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मन लगाकर सुनी। कार्यक्रम के उपरांत सबने एकजुट होकर सभी बातों पर गंभीरता से चिंतन किया और संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर दिशा-निर्देश की पूर्ण ईमानदारी से अनुपालना करेंगे। योगेश ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों से नई चीजें सीखने की अपील की।प्रधानमंत्री ने कहा कि



'गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के पास काफी समय होता है। इस समय में बच्चों को नई चीजें सीखनी चाहिए और इस समय का इस्तेमाल अपने स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए करना चाहिए। ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। गर्मियों की छुट्टियों के लिए तैयार किया गया है। संस्कृति और खेल गतिविधियों का भी हिस्सा बन सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मोहाना थाना क्षेत्र के गांव में युवक पर कुकर्म का आरोप

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में किशोर से कुकर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले में एक वीडियो भी सोशल साइटों पर वायरल हुआ है, जोकि घटनास्थल का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा गांव की बैठक में गया था। जहां उसके साथ गांव के युवक ने कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। उसका बेटा काफी दिनों से गुमसुम रहने लगा। पूछताछ करने पर उसके बेटे ने बात बताई। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। मोहाना थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नाबालिग है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह में भेजा गया है। वीडियो वायरल की जानकारी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

### आनंदपुर, हुल्लेड़ी और झरोठ को नेशनल क्वालिटी प्रोग्राम के तहत मिला 1.08 लाख का पुरस्कार

**सोनीपत: जिले** में स्थित आनंदपुर व हुल्लेड़ी और झरोठ सब हेल्थ सेंटर को नेशनल क्वालिटी प्रोग्राम के तहत एक लाख से ज्यादा राशि का ईनाम मिला है। विभाग की तरफ से सेंटरों को नेशनल क्वालिटी प्रोग्राम में शामिल किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किए जाने पर तीनों सब सेंटर पर सभी स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की जहां पर सभी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मिलने पुरस्कार राशि दी गई है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले की दो पीएचसी का चयन किया है। बता दें कि क्षेत्र में नेशनल क्वालिटी प्रोग्राम का काम 2017 में शुरू किया गया था। तब से लेकर अब तक जिले में 14 सब हेल्थ सेंटर सर्टिफाइड किए गए हैं। नेशनल स्तर पर सर्टिफाइड होने वाले सब हेल्थ सेंटर का सीधा फायदा मरीज को मिलेगा। तीनों सब हेल्थ सेंटर को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्टिफाइड किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन बार तीनों पीएससी का दौरा करके उनका मूल्यांकन अपने दौरा करने के बाद किया था। अब तक 14 पीएचसी को यह सम्मान विभाग की तरफ से मिल चुका है। जिसमें अब तीन पीएसी और बढ़ा दी गई है। इनाम के रूप में निर्धारित की गई राशि को तीनों पीएचसी मैं सुविधा बढ़ाई जाएगी। अब मरीजों को इन पीएचसी पर अन्य सुविधा मरीजों को मुहैया करवाई जाएगी। विभाग की तरफ से शुरू किए प्रोग्राम के तहत बेहतर कार्य करने के लिए प्रयासरत है। जिले के केंद्रों पर बेहतर चिकित्सक सुविधाएं उपलब्ध हो सके उसके लिए टीम कार्य करती रहती है। कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई है। केंद्रों के चयन होने पर एक लाख आठ हजार की राशि मिली है। जिसे सुविधाओं पर खर्च किया जायेगा।

### फरीदाबाद में दुकान का मुंशी ही निकला लूट का षड़यंत्रकारी

**फरीदाबाद।** गन प्वाइंट पर छह लाख की लूट मामले को पुलिस ने सुलझाते हुए इस घटना के षडयंत्रकारी मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि तुषार जिंदल निवासी सेक्टर-19 फरीदाबाद में अपनी शिकायत में बताया कि उसकी ओल्ड फरीदाबाद में सरिया की दुकान है, इस दुकान पर गुड्डू नाम का व्यक्ति मुंशी का काम करता है। शनिवार को उसने गुड्डू को अपने घर पैसे लेने के लिए गाड़ी इनोवा के साथ भेजा था।

# डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में ब्लॉक का किया नामकरण

### मल्टीपरपज हॉल को "महात्मा आनंद स्वामी कक्ष", और कॉन्फ्रेंस रूम को "स्वामी श्रद्धानंद कक्ष" के रूप में समर्पित किया

**सम्मान**

**▶▶ प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में आर्य समाज की महान विभूतियों के नाम समर्पित विज्ञान, पुस्तकालय व मल्टीपरपज ब्लॉक डीएवी पब्लिक सीनियर सेकंडरी विद्यालय, अंबाला शहर में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया गया।
विद्यालय में विज्ञान ब्लॉक को "पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी विज्ञान ब्लॉक", पुस्तकालय ब्लॉक को "महात्मा हंसराज ब्लॉक", मल्टीपरपज हॉल को "महात्मा आनंद स्वामी कक्ष", और कॉन्फ्रेंस रूम को "स्वामी श्रद्धानंद कक्ष" के रूप में समर्पित किया गया। इस अवसर पर पुष्पवर्षा करते आचार्य नवीन शास्त्री जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया व इन महान विभूतियों की स्मृति और उनके समाज-सेवा के कार्यों के बारे में बताया।।
इस समारोह में मुख्य अतिथि मेम्बर ,डी ए वी सी एम सी न्यू दिल्ली अनिल गुप्ता ने इन कक्षों को आर्य समाज के महापुरुषों के नाम समर्पित करने के निर्णय की सराहना की और कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, समर्पण और समाज के प्रति योगदान की प्रेरणा देती रहेगी।
उन्होंने कहा कि यह नामकरण विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा, जिससे वे वैदिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।
विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने आर्य प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा व डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान श्री पूनम सूरी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय सदैव अपनी वैदिक परंपराओं से जुड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें उन महापुरुषों के विचारों और आदर्शों से भी जोड़ती है जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी। इस विशेष अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे । श्रीमती सुमन सोनी व श्रीमती भारती ने इस नामकरण को ऐतिहासिक क्षण बताया।
शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और प्रेरणा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण बताया। आर्य युवा समाज की संचालिका श्रीमती गौरी वंदना और श्रीमती राधिका सीकरी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गुरुदत्त विद्यार्थी, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी और स्वामी श्रद्धानंद जी ने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव अनुकरणीय रहेगा। विद्यालय द्वारा किए गए इस प्रेरणादायक पहल से निश्चित रूप से विद्यार्थियों में आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## कैश कलेक्शन एजेंट पर हमला कर लाखों रुपये की राशि लूटी

**मुकदमा दर्ज**

**▶▶ बदमाशों की मारपीट में एजेंट घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में कैश कलेक्शन एजेंट पर हमला कर लाखों रुपये की राशि के लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। बदमाशों की मारपीट में एजेंट घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव देहरा पानीपत निवासी रूपेश ने बताया कि आरएनएफआइ के डिस्ट्रीब्यूटर नवीन के पास कैश कलेक्शन का काम करता है। वह रुपये एकत्रित कर उनको बैंक में जमा करता है। गत बृहस्पतिवार की रात को उसने पार्कर माल स्थित ब्लैंकिट स्टोर से 52,500 रुपये लिए थे। वहीं, उसके पास एक दिन पहले एकत्रित की गई नकदी भी थी। वह खेवड़ा स्थित एसबीआइ बैंक के मैनेजर की छुट्टी होने की वजह से रुपये जमा नहीं करवा पाया। वह बृहस्पतिवार की रात को जीटी रोड पर जिंदल यूनिवर्सिटी मोड़ के पास स्थित वीर भगत सिंह ढाबे के पास पहुंचा तो अचानक से बाइक सवार तीन युवकों ने उसे घेर लिया। युवकों ने उसके सिर पर डंडे मारने शुरू कर दिए। वह नीचे गिर गया। बचने के लिए वह स्कूटी को छोड़कर ढाबे की ओर भाग गया। इसी दौरान आरोपित उसकी स्कूटी लेकर भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में तलाश की तो स्कूटी कुछ दूरी पर मिल गई। बदमाश स्कूटी की डिग्गी में रखे 3.52 लाख रुपये ले गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। एंजेट से मारपीट कर घायल करने व स्कूटी की डिग्गी से लाखों रुपये की राशि लूटने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अवैध असले सहित एक आरोपी गिरफ्तार, 1 देसी कट्टा व 1 जिन्दा रौंद बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असले सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने अवैध असला रखने के आरोपी विनय शर्मा वासी माडल टाऊन पानीपत को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 देसी कट्टा, 1 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 29 मार्च 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, मुख्य सिपाही महेश कुमार, सिपाही विकास व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में पीपली चौंक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि विनय शर्मा वासी माडल टाऊन पानीपत के पास एक देसी कट्टा है जो उमरी चौंक के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे घुम रहा है। अगर उमरी चौंक पहुंचकर निगरानी की जाये तो विनय शर्मा अवैध असले सहित काबू आ सकता है।

## बिजली पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की मासिक मीटिंग सम्पन्न

**पर्यावरण संदेश**

**▶▶ हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है: प्रधान मंगत राम मेहता**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सेवानिवृत बिजली कर्मचारियों की मीटिंग रेणुका सदन मे हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान मंगत राम मेहता ने की। मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया। मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया। जिला प्रधान मंगत राम मेहता जी ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है। समय रहते सरकार सभी मांगों को लागू करें मुख्य मांगे इस प्रकार हैं - मेडिकल कैशलेस की सुविधा प्रदान करना, 65 , 70 , 75 वर्ष की उम्र में क्रमशः 5 , 10 ,15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी , फैमिली पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा प्रदान की जाए , मेडिकल भत्ता को एक हजार से 3000 प्रति माह किया जाए , 300 सौ यूनिट बिजली फ्री किया जाये , हरियाणा सरकार आठवां वेतन आयोग गठित करें। 18 महीने के डीए के एरियर का भुगतान करें। क्योंकि अब कारोना का कोई बहाना नहीं है ।
मंगतराम मेहता ने अपने संबोधन में सभी प्रकार के सर्कुलर व कोर्ट केस की जानकारी दी। मुख्य रूप से मीटिंग में जिला सचिव रामेश्वर , सुरेश सिघल , ओपी वर्मा, जीएस सनधू जी , राजपाल कोहली , हुकुमचंद सैनी, अश्विनी अरोड़ा ,ओम प्रकाश मीटर रीडर, नानकू राम , आर डी कौशिक खए , हरीश सडाना, अनिल कुमार, अजमेर सिंह ,अली शेर, वजीर चंद फोरमन, वीरेंद्र सिंह खए और बहुत सारे पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।
सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करना और एकता के सूत्र में बांधे रहने का संदेश दिया। रामेश्वर और ओमप्रकाश कैशियर और सुरेश सिंगला का जन्मदिन मनाया गया। सभी साथियों का मीटिंग में पहुंचने का धन्यवाद किया गया।

## ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**उत्कृष्ट**

**▶▶ कक्षा नर्सरी से 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र ने कक्षा नर्सरी से 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।
प्राथमिक कक्षाओं (1 से 5) में A1 ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र क्रमशः कक्षा 1 से 5 तक के कई विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर A1 ग्रेड हासिल किया। ग्रेड-1 से रेयान, समरदीप, तनिष्का, यशिका, युगम, युविका, आरव, रीत, रणदीप, अक्षय, दुष्यंत, जसनूर, युगम, ग्रेड-2 से आद्विक, आराध्या, अनिरुद्ध, अथर्व, अवनीत, दिलप्रीत, दिवरूप, गुकिरत, गुरमान कौर, कृष्णा, रुबल, समायरा, सरांश, सर्ताज, ग्रेड 2-इ से आर्यन गिल, अविरल, अयान गोयल, अवनीति, इनाया, नक्ष, पारी, पिहू, सूर्यांश, यशिका, ग्रेड-3 से राघव, शायला, दिलप्रीत, गिरिशा, अर्शिया, मनकिरत, आरना शर्मा, दृष्टि, गुबानी, अक्षित,आर्यन, विहान, अन्या, चिराग ग्रेड-4 से आहान, आध्या, जसकिरत, जिश्विखा, कैविन, खुषविका, मंवय, वाशवि, सारांश ग्रेड-5 से गणिश्का, ग्रेसी, ग्लोरी, खिलेश, ऋद्धि, ग्रेड-6A से मन्नत (प्रथम), एकमदीप सिंह (द्वितीय), पावनी (तृतीय), ग्रेड-6इ से हरवाहेरूप (प्रथम), जैस्मीन (द्वितीय), नवजोत (तृतीय), ग्रेड -7 से जसमन (प्रथम), आरवी और लवलीन (संयुक्त द्वितीय), रिया (तृतीय), ग्रेड-8A से जस्मिन (प्रथम), वंश (द्वितीय), हंशिका (तृतीय), ग्रेड-8इ से शायशा (प्रथम), हिमांशी (द्वितीय), गुंतास और हरप्रीत (संयुक्त तृतीय), ग्रेड -9A से रसमीत (प्रथम), आइशी (द्वितीय), निकुंज नैन (तृतीय), ग्रेड- 9इ से अशमीत (प्रथम), भानुज (द्वितीय), अमनदीप (तृतीय), ग्रेड-11 (मानविकी) से ऋधिमा (प्रथम), प्रभनूर और सच (संयुक्त द्वितीय), जानवी (तृतीय)।

## किशोरी से गलत काम करने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**दोषी**

**▶▶ खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी से गलत काम करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में किशोरी से गलत काम करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दोषी पर 14 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर एक व्यक्ति ने 6 अक्तूबर, 2023 को खरखौदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके पास 16 वर्षीय बेटी है। रोहतक निवासी उनका भांजा अक्सर उनके घर आता था। व्यक्ति ने बताया था कि कुछ दिन पहले उन्हें चोट लग गई थी। जिसके बाद दो-तीन बार उनका भांजा हालचाल जानने के लिए घर आया था। वह उनकी बेटी से अकेले में बातचीत करता था। 28 सितंबर, 2023 को भांजे ने उनकी बेटी के पास कॉल की थी। उसने उनकी बेटी को धमकी देकर खरखौदा बुला लिया था। वहां से वह उनकी बेटी का रोहतक होटल में ले गया था। वहां बेटी को जूस पिलाकर बेसुद करने के बाद उससे गलत काम किया था। बाद में बेटी को धमकी दी थी कि इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देगा। वह बेटी को खरखौदा छोड़कर चला गया था। शुरूआत में बेटी गुमसुम रहने लगी थी।
बाद में बेटी ने सच्चाई बताई थी। वह बेटी को लेकर बहन के घर गए तो वहां पर बेटी को दूसरे भांजे ने धमकी दी थी। बाद में उन्होंने पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रभात निवासी उड़ीसा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-7 सोनीपत में तैनात उप निरीक्षक कृष्ण ने बताया कि उसकी टीम गश्त के दौरान रोहणा के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम ने नशीला पदार्थ सहित आरोपित को काबू कर लिया था। उसके पास से नशीला पदार्थ बरामद किया। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर 34 चिकित्सकों की हुई नियुक्ति

**नियुक्ति**

**▶▶ विभाग की तरफ से जारी लिस्ट में चिकित्सको की कमी को दूर किया जा सकेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: प्रदेश** सरकार की तरफ से चिकित्सकों की नियुक्ति की लिस्ट जारी की है। जिसमें नागरिक अस्पताल सोनीपत सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 34 चिकित्सकों को नियुक्त किया है। जिला नागरिक अस्पताल में 17 नए चिकित्सक शामिल है। सरकार ने ढाई साल बाद मरीजों को तोहफा दिया है। इससे पहले सरकार की ओर से अगस्त 2022 में 38 चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए थे। सरकार ने किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर चिकित्सकों की नियुक्त नहीं किया था। ऐसे में वहां पर मरीजों की परेशानी बढ़ना तय है। चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से जारी लिस्ट में सोनीपत के नागरिक अस्पताल में 17 चिकित्सक मिले हैं। इनमें डा. विजय कुमार, डा. रजत गुप्ता, डा. अकांक्षा खरब, डा. गुरजोत कौर, डा. शमरेंद्र सिंह, डा. रवि कुमार, डा. अकांक्षा, डा. विकास पंवार, डा. दीपक, डा. आशीष कुमार, डा. धीरज कुमार, डा. गौरव, डा. रितु, डा. चिराग सेठ, डा. अनिरुद्ध पंवार, डा. प्रियंका मलिक, डॉ. गरिमा शामिल रहे। वहीं, गन्नौर के उपमंडल नागरिक अस्पताल में डा. रश्मि, डा. साहिल, डा. महिमा, डा. सचिन कुमार, डा. मोहित, डा. ननिता मोर की नियुक्ति हुई है। खरखौदा के उपमंडल नागरिक अस्पताल में डा. हिमानी, डा. रेनू, डा. नवीन, डा. उर्वशी, डा. मोहित, डा. सुमित, सीएचसी जुआं में डा. रचना, डा. नेहा, डा. कनिष्क, सीएचसी मुंडलाना में डा. अंशुल व सीएचसी पुरखास में डा. सचिन को नियुक्ति मिली है। वहीं गांव जागसी और मोई माजरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक भी चिकित्सक नहीं है। सरकार ने पीएचसी में दो-दो पद स्वीकृत कर रखे है, लेकिन दोनों पीएचसी पर एक भी चिकित्सक न होने के कारण मरीजों को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की कमी के कारण मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने को विवश है।
विभाग की तरफ से जारी लिस्ट में चिकित्सको की कमी को दूर किया जा सकेगा। लंबे समस से चिकित्सकों की मांग की जा रही थी। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव जरूरी कदम उठाने का कार्य विभाग की तरफ से किया जा रहा है। ताकि मरीजों को निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर न होना पड़े।

## पहले नवरात्रे पर नेपाली समुदाय ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**संकल्प**

**▶▶ जसबीर सिंह पार्षद वार्ड नंबर एक ने बताया कि बहुत खुशी की बात है मेरे वार्ड में भव्य मंदिर बनने जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला स्थित जैन कालेज रोड हीरा नगर में विश्व प्रसिद्ध पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण पहले नवरात्रे के अवसर पर अंबाला की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने नारियल फोड़कर किया मंदिर का शुभारंभ । कार्यक्रम का आयोजन सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था के पदाअधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन भावी चेयरमैन दीपक वोहरा ने किया । वर्तमान में उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा कि संस्था के चुनाव का कार्य चल रहा हैं जिसका मतदान 6 अप्रैल दिन रविवार को स्थान हिसार रोड सिंगावाला धर्मशाला में बैलेट पेपर द्वारा मतदान किया जाएगा ।जिसका समय दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक होगा और ठीक शाम 4 बजे हरियाणा राज्य अंबाला के नए चेयरमैन की नियुक्ति की जाएगी ।चुनाव के इस भव्य समारोह मे अधिक भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पहुचकर अपने आगामी चेयरमैन का फूल मालाओं एव ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत कर सकते हैं ।चुनाव में इलेक्शन की टीम एवं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था कर दी गई है ताकि चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हो सके ।कार्यक्रम में मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि नेपाली समुदाय द्वारा किए गए सभी कार्यों की मैं जितनी सराहना करु उतनी कम है सभी सदस्य दिन रात मेहनत करके जल्द से जल्द मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण करने में लगे हुए हैं और मैं भी आज से संकल्प करती हूँ कि सदस्यों द्वारा रखे गए विचारो को मैं पूर्ण करुंगी । मौके पर मौजूद अतिथि आल राउंड कंपनी के सीईओ महेश्वरदत शर्मा ने बताया कि समाज में हर सामजिक कार्य रोजाना चलते रहते है लेकिन विश्व प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर जोकि अंबाला की जन्म भूमि पर बन रहा है ये हमारे लिए सौभागय की बात है ।
जसबीर सिंह पार्षद वार्ड नंबर एक ने बताया कि बहुत खुशी की बात है मेरे वार्ड में भव्य मंदिर बनने जा रहा है नेपाली संस्था के सदस्यों की इस पहल के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मेरे से जितनी सेवा इस मंदिर निर्माण के लिए हो सके उतनी सेवा मैं करुगा और जल्द ही मंदिर के आस पास की कच्ची सड़कों को पक्का करवा दिया जाएगा एवं स्ट्रीट लाइटों का भी सरकार द्वारा बजट पास हो गया है जोकि जल्द ही मंदिर के जाने वाले मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें लगा दी जाएगी ।

## दोस्त की हत्या करने के दोषी को हुई उम्रकैद की सजा

**साधा निशाना**

**▶▶ सूचना के बाद बरोदा थाना से तत्कालीन एएसआई संजय कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बरोदा** थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर दोस्त की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरजात भसवाना की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जींद के गांव लुदाना निवासी कमलजीत ने 11 नवंबर, 2020 को बरोदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके भाई संदीप (31) की गांव निजामपुर निवासी ईश्वर के साथ दोस्ती थी। ईश्वर उनके भाई को 10 नवंबर, 2020 को अपने घर बुलाकर लाया था। दोनों गांव आसपास ही है। कमलजीत ने पुलिस को बताया था कि उनके भाई मजदूरी करते थे। ईश्वर भी उनके साथ ही काम करता था। वह उसे काम के सिलसिले में बुलाकर अपने घर लेकर आया था। ईश्वर अपने घर में अकेला रहता था। जब उनके भाई संदीप रात को देर तक घर नहीं पहुंचे तो वह उन्हें देखने के लिए ईश्वर के घर आ गए थे। उन्होंने ईश्वर के पड़ोसी के घर के बाहर अपने भाई संदीप को लहुलूहान हालत में पड़ा देखा था। उनके भाई को डंडे से पीटकर बेरहमी से मारा गया था। उनके शरीर पर डंडे के निशान मिले थे। जिस पर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया था। सूचना के बाद बरोदा थाना से तत्कालीन एएसआई संजय कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे।

# मैराथन और राहगिरी का आयोजन कर फिटनेस के प्रति कर रहे जागरूक: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक।।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित सोनीपत हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक करना है ताकि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जा सके। उन्होंने पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान



किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाली, हमें खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने और नशे के खिलाफ पूरे समाज को लामबंद करने वाली दौड़ है। इस तरह के आयोजनों से न केवल सामाजिक जागरूकता आती है बल्कि हम सभी के अंदर उत्साह और उमंग का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं, स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है कि उसमें कुरीतियां न हो और वह नशे जैसी बुराई से मुक्त हो। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार किया है। खेलों को बढ़ावा दिया है। युवाओं और सभी नागरिकों को नशे की बुराई से दूर रखने का अभियान भी चलाया है। यह मैराथन इसी अभियान की एक कड़ी है।

**प्रदेशभर में मैराथन और राहगिरी का आयोजन कर फिटनेस के प्रति कर रहे जागरूक**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में मैराथन और राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से आमजन को फिटनेस के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था ताकि आमजन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके।

**हरियाणा उदय के अंतर्गत निरंतर आयोजित हो रहे कार्यक्रम**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मैराथन का आयोजन हरियाणा सरकार के हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है।

# बेबी शो रंग-बिरंगे परिधानो सजे नन्हे-मुन्नों ने मंत्रमुग्ध किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। प्रयास जूनियर** विंग स्कूल में बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमे में रंग-बिरंगे परिधानो सजे नन्हे-मुन्नों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शो में उम्र के अनुसार बच्चों को तीन श्रेणियों में बांटा गया। सभी प्रतिभागियों ने मंच पर जाकर स्वयं का परिचय दिया और रैंप वाक कर प्रस्तुति दी। 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन सुरेश बत्रा ने शाल द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बेबी शो में प्रयास प्रिंसेस छवि, राजकुमार माधव, सिंह इज किंग शिवम, दिव्य मुस्कान, लक्षिका ,ट्विंकलिंग आईज में तनिशी, क्रिएटिव ड्रेस बेबी दिव्यांशु, सक्रिय शिशु हरिदय ,आत्मविश्वास से भरा बच्चा है गव्यम, गोल-मटोल गाल



खियांश,सबसे स्टाइलिश बेबी अंगद, सर्वश्रेष्ठ कविता पाठ त्रिक्ष्य, सर्वश्रेष्ठ पोशाक वाली माँ ज्योति, सुपर एक्टिव मां अनिता, सबसे स्टाइलिश मां प्रीति, सबसे ज्यादा प्रदर्शन करने वाली बहन वर्षा विजेता रही। नन्हे-मुन्नों बच्चों और उनकी मम्मी ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से सबका मन मोह लिया। साथ ही साथ उपस्थित माताओं के लिए भी अनेक मनोरंजन गेम्स का आयोजन किया गया जिसमे भाग लेकर उन्होंने स्वयं की गौरववन्वित महसूस किया।

सभी विजेताओं को पदको द्वारा प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अमित बत्रा, संचालिका रुचिका बत्रा ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने से अपना पूर्ण सहयोग दिया और आशीर्वाद देकर प्रतिभागियो का उत्साह बढ़ाया।

## न्यूज फ्लैश

### ओ.पी. जिन्दल की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः नवीन जिन्दल** फाउंडेशन की ओर से ओम प्रकाश जिन्दल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर झांसा रोड स्थित, ओ. पी. जिन्दल पार्क, कुरुक्षेत्र में सुबह 9 बजे, एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के नागरिक, कार्यकर्ता एवं समर्थक, बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, और उनके समाज सेवा व राजनीति में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि ओ.पी. जिन्दल जी एक प्रखर समाजसेवी, कुशल उद्यमी और जनसेवा के प्रति समर्पित राजनेता थे। उनका जीवन समाज उत्थान और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायक रहा है। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में संसदीय क्षेत्र के गणमान्य लोग और कार्यकर्ता पुष्प अर्पित कर बाऊजी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित लोग बाऊजी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेंगे। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ओ.पी. जिन्दल जी की सेवा भावना और उनके समाजहित के कार्यों को स्मरण करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों, कार्यकताओं और शुभचिंतकों से अनुरोध किया कि इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाऊजी को पुष्प अर्पित करें।

### विधायक प्रमोद विज ने बूथ नंबर 112 में देखा मन की बात कार्यक्रम

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत शहरी** विधायक प्रमोद विज ने बूथ नंबर 112 के मॉडल टाउन मंडल में भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 120 वे एपिसोड को सुना कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा पानीपत के टेक्सटाइल वेस्ट से निस्तारण में पानीपत के प्रयासों की सराहना एवं पानीपत को अव्वल बताया, विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि यह पानीपत के लिए गौरव का क्षण है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतृत्व में प्रदेश और पानीपत का चहुंमुखी विकास हो रहा है. कार्यक्रम के अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा, एवं वार्ड 24 की पार्षद सांची तनेजा भाजपा नेता सोनिया गाबा, सतीश गंभीर,पंकज शर्मा एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे

### बदमाश ने बुजुर्ग महिला से रास्ता पूछने के बहाने छीनी बालियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के अमृतपुर कलां** गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ स्नेचिंग की वारदात हुई। बीती शाम खेतों में बैठी महिला के पास एक बदमाश आया और बातचीत के बहाने उसे झांसे में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही मंगलौरा पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाश ने झपट्टा मारकर महिला के कानों की सोने की बालियां खींच लीं। झटके से कान की लौ फट गई और खून बहने लगा। दर्द से कराहती महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार 60 साल की माया देवी अपने खेतों में ट्यूबवैल के पास बैठी थी। इसी दौरान एक युवक बाइक पर आया और पास आकर बैठ गया। उसने महिला से किसी व्यक्ति के ट्यूबवैल और खेत का रास्ता पूछना शुरू किया। बुजुर्ग महिला जैसे ही हाथ उठाकर रास्ता बताने लगी, तभी युवक ने झपट्टा मारते हुए उसके कानों से सोने की बालियां खींच लीं। दोनों सोने की बालियों का वजन करीब आधे-आधे तोले था। महिला दर्द से तड़प उठी और जमीन पर गिर पड़ी। उसकी चीखें सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। जब तक लोग वहां पहुंचे, तब तक बदमाश बाइक पर फरार हो चुका था। घटना के बाद महिला सदमे में थी और उसकी हालत बिगड़ गई। ग्रामीणों ने तुरंत उसे नगला मेगा के पास स्थित अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। महिला के कानों में गहरी चोट आई है।

# डॉ. अरविंद शर्मा व बड़ौली ने सुना मन की बात

**सोनीपत/संजीव कौशिक।**
**सहकारिता, कारागार, विरासत** व पर्यटन मंत्री डॉ0 अरविंद शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने गोहाना विधानसभा के गांव जुआं स्थित बूथ नंबर 136 पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 120वां संस्करण सुना। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक मन की बात कार्यक्रम नई सोच को लेकर आता है और उनकी हर बात मन को छूने वाली होती है। मन की बात कार्यक्रम से नौजवानों और देशवासियों को कुछ न कुछ नया



सीखने को मिलता है जो उनको जीवन में आगे बढने.में प्रेरणादायक सिद्ध होता है। जुआं में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं गांव के सरपंच विनोद कुमार द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत के उद्योगपतियों द्वारा कपड़ा उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट कपडे का सदुपयोग करने के प्रयासों की प्रशंसा की, जो प्रदेश व प्रत्येक हरियाणावासी के लिए गर्व की बात है कि हम दूसरे लोगों के लिए प्रेरणादायक बन रहे हैं।
मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेशों में की गई यात्राओं के अनुभवों को सांझा करते हैं। आज उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारे भारतीय विदेशों में भी जाकर हमारी संस्कृति, विचार और रीति रिवाजों को जिंदा रखते हैं। हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर अपनी रिति रिवाजों व विचारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन की बात के दौरान प्रधानमंत्री ने जल बचाओ अभियान से जुडकर जल का सदुपयोग करने का जो आह्वान किया है उसे सभी पूरा करें।

# पीएम मोदी के आह्वान का अनुसरण करें छात्र : जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को रघुनाथ नगर (बूथ नंबर 213) में आमजन के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुएए देश की तरक्की और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में छात्रों को नए हुनर सीखने और खुद को निखारने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुडने का भी अवसर है। अगर कोई संगठन, स्कूल या सामाजिक संस्था या विज्ञान केंद्र ऐसी ग्रीष्मकालीन गतिविधियों का आयोजन कर रहा है तो उसे प्त माई होलीडे के साथ जरूर शेयर करें।

# उत्कृष्ट गायकों को सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से किया सम्मानित

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्कृष्ट गायकों को बड़ा मंच प्रदान करते हुए सुपरस्टार सिंगर सम्मान समारोह का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। अभिनव चतुवेर्दी सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट ओर नैशनल प्रेसिडेंट डॉ.रंजोध सिंह, स्टेट चेयरमैन यूपी गौरव गाबा, इंटरनेशनल डायरेक्टर संदीप कुमार, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, नैशनल डायरेक्टर पूनम गोयल ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उत्कृष्ट गायकों ने गीतों के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया का संदेश दिया। उत्कृष्ट गायकों को बुके और ट्रॉफी देकर सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित सिंगर रणजीत गिल ने नैनो में सपना, अवतार सिंह तारी ने पर्दा है पर्दा, हरीश वधावन ने दिल का आलम, सुरेन्द्र मोहन गाबा ने जो तुमको हो पसंद, प्रदीप त्यागी ने चली आना तू, राजीव गोयल ने इक अजनबी हसीना से, ओम प्रकाश ने चांद से पर्दा कीजिए, राजन छिब्बर ने चांद सी महबूबा, राजेश जोगी ने हाल क्या है दिलों का,अरुण थापर ने वादा तेरा वादा, जरनैल सिंह ने तुम से बढकर, विनोद मंगला ने तौबा ये मतवाली चाल, नीरू चौधरी ने दिल चीज क्या है, राम खटक ने मेरा तो जो भी कदम है, सोनिया पांचाल ने ए दिल मुझे बता दे, जगमोहन सिंह ने तेरे चेहरे में, अमरजीत सिंह ने गम दिए मुस्तकिल, हरजिंद्र कंग ने रुक जा ओ दिल, गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जिला अध्यक्षों एवम मंडल अध्यक्षों का होगा प्रशिक्षणः डा अर्चना गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) जिला के गाँव पट्टी** कल्याणा में स्थित सेवा साधना एवं ग्रामीण विकास केंद्र में आगामी 2 व 3 अप्रैल को भाजपा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी भाग लेंगे शिविर में जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को संगठन गठित करने एवं सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा।शिविर में पन्ना प्रमुख, त्रिदेव,बूथ समिति तथा शक्ति केंद्र गठित करने बारे बताया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश



महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल बडोली, हरियाणा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, संगठन महामंत्री मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, सहित हरियाणा सरकार के मंत्री और वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे।

# शैक्षिक गौरव सम्मान समारोह आयोजित

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) डीएवी सैंटनरी पब्लिक** स्कूल, समालखा के प्रांगण में शैक्षिक गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ हवन यज्ञ से किया गया, जिसमें सत्यवीर गुप्ता और रामविलास शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें एकेडमिक परीक्षा परिणाम के साथ ही वैदिक मैथ, एबेक्स और रोबोटिक्स विषयों से संबंधित परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए।परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों व अभिभावकों के मध्य काफी उत्साह नजर आया।

# अवैध असले सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र पुलिस** ने अवैध असले सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने अवैध असला रखने के आरोपी विनय शर्मा वासी माडल टाऊन पानीपत को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 देसी कट्टा, 1 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 29 मार्च 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में सहायक



उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, मुख्य सिपाही महेश कुमार, सिपाही विकास व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में पीपली चौंक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि विनय शर्मा वासी माडल टाऊन पानीपत के पास एक देसी कट्टा है जो उमरी चौंक के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे घुम रहा है। अगर उमरी चौंक पहुंचकर निगरानी की जाये तो विनय शर्मा अवैध असले सहित काबू आ सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने उमरी चौंक पहुंचकर निगरानी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को एक नौजवान लडका उमरी चौंक के पास घुमता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने नाजायज असला होने के शक के आधार पर काबू किया। पुलिस टीम द्वारा नामपता पूछने पर उसने अपना नाम विनय शर्मा वासी माडल टाऊन पानीपत बताया। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 1 देसी कट्टा 1 जिन्दा रौंद बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके पीएसआई प्रमोद कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# आंगनबाड़ी वर्कर ने विधायक कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने सोनीपत के विधायक के कार्यालय के बाहर 6 दिन से लगातार धरना दिया जार रहा और शांति प्रिय तरीके से धरना सफलता पूर्वक चला धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन सचिव नवीन चवारिया ने किया ठेका सफाई कर्मचारियों को पिछले,12 महीने से बदले की भावना से नौकरी से निकाल रखा है ठेका सफाई कर्मचारियों ने अपने बकाया करोड़ों रुपए के एरियर पर आवाज उठाई 5 साल के एरियर की नगर निगम सोनीपत पीसीसी कंपनी की हरियाणा सरकार द्वारा जांच कराई जाए पीसीसी कंपनी ने कुछ कर्मचारियों को बदले की भावना से नौकरी से हटा दिया ठेका सफाई कर्मचारियों को उनका हक मांगने पर नौकरी से निकाल दिया,12 महीने से लगातार दर-दर की ठोकर खा रहे हैं शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों को ना समय पर सफाई करने के लिए औजार दिए जा रहे और ना समय वेतन दिया जाता है पिछले 12 महीने से लगातार पूर्व मेयर विधायक के संज्ञान में मामला था
इस मौके पर उपप्रधान, दीपक,विजय,अजय, सनी,राहुल,रंजीत,रविंद्र, अमित टॉक,देवराज टॉक,सुमित,अमित आदि मौजूद रहे'।

# विक्रम संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत है: डा.श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : प्राचीन भारतीय** कालगणना आधारित विक्रम संवत विश्व का वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित प्रथम पंचांग है। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्माजी ने इस दिन सम्पूर्ण सृष्टि और लोकों का सृजन किया था और इसी दिन भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार भी हुआ था। भारत में विक्रमी संवत, जिसे उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने 56 ईसा पूर्व शुरू किया, जो चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है। इसे सभी सनातन धर्म के मानने वाले नव वर्ष के रूप में मनाते हैं।इसी दिन से नया पंचांग शुरू होता है। यह विचार नव संवत्सर 2082 के शुभारम्भ एवं अभिनन्दन उपलक्ष्य पर ब्रह्मसरोवर



पर मातृभूमि सेवा मिशन के तत्वावधान में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रह्मसरोवर तीर्थ के पूजन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने विक्रमी संवत 2082 के प्रथम सूर्योदय की किरणों का स्वागत एवं अभिनन्दन वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शंख ध्वनि से जलाभिषेक करते हुए सर्व मंगल की प्रार्थना से किया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने नव संवत्सर का महत्व बताते हुए कहा चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रवर्तित विक्रम संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत है। यह सर्वथा शुद्ध और वैज्ञानिक है। यह हमारी अस्मिता और स्वाधीनता के निरीक्षण तथा शत्रुओं पर विजय का प्रतीक भी है।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदुओं के नव वर्ष का आरंभ दिन है। इसी दिन सृष्टि की निर्मिति हुई थी, इसलिए यह केवल हिंदुओं का ही नहीं अपितु अखिल सृष्टि का नव वर्षारंभ है। भगवान राम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था।
इसी दिन प्रकृति भी हमें बदलाव के संकेत वृक्षों पर पतझड़ के बाद नए पत्ते आने के साथ देती है, चारों तरफ अनेक प्रकार के फूल खिलते हैं, ऐसा लगता है मानो हरियाली भी नव वर्ष मना रही है। फसल पकने के बाद नया अनाज बाजार में आता है। शक्ति और भक्ति के प्रतीक नवरात्रि इसी दिन से प्रारंभ होते हैं। सम्पूर्ण वातावरण आनंदमय और आध्यात्मिक प्रतीत होता है।डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सनातन नववर्ष उल्लास, उमंग और उत्सव का परिचायक है। आज आवश्यकता है कि हम वर्तमान पीढ़ी को भारतीय सनातन संस्कृति से परिचित कराकर गौरव की अनुभूति कराएं जो पश्चिम की उपभोक्ताओंवादी संस्कृति का आलिंगन किये हुए है। सनातन वैदिक जीवन मूल्यों को आत्मसात करके ही भारत पुनः संसार में अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम का समापन ब्रह्मसरोवर तीर्थ की आरती से हुआ।

# भारत विकास परिषद द्वारा नव संवत पर बांटा गया महाप्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हिन्दू नववर्ष** की शुरआत रविवार को कुरुक्षेत्र के परम पवित्र सन्निहित सरोवर पर हर वर्ष की भांति संस्कार भारती कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित नव संवत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे नगर की अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद एवं विश्व हिंदू परिषद ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। धर्मनगरी के सेवक विजयंत बिंदल ने इस अवसर पर भारत विकास परिषद एवं संस्कार भारती की टीम के साथ मिलकर महाप्रसाद वितरण भी



किया कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई उसके पश्चात सूर्य देवता को जल दिया गया तत्पश्चात संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद के वर्तमान प्रांत सचिव अतुल गोयल एवं कुरुक्षेत्र शाखा के अध्यक्ष विजयंत बिंदल अपनी कार्यकारिणी एवं सदस्यों के साथ उपस्थित रहे।

# मानव सेवा संस्थान ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मानव सेवा संस्थान की ओर से रोहिणी के सेक्टर-15 में 81वां निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 मरीजों ने अपना चेकअप करवाया। इस दौरान कैप में फ्री दवाइयां और चश्मे वितरण किए गए। हेल्थ चेकअप कैंप में मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव, नरेश सैनी, चेतन अग्रवाल, मनोज कंसल, डॉ बजाज, विनोद शर्मा, जितेंद्र सैनी, नवीन मुंजाल, किशन लाल मदान, डॉ अनिल अग्रवाल, नीरज जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बताया कि मानव सेवा संस्थान के द्वारा इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किये जाते है, जिससे की लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाये।

## हत्या के मामले में पकड़े गए तीन आरोपित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में शनिवार शाम ईद की खरीदारी करने निकले युवक की चाकू घोपकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए बालिग आरोपित की पहचान शेख प्यारे (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल एक चाकू और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार किया। जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि आरोपित और मृतक एक-दूसरे को पहले से जानते थे और उनका मृतक के साथ कुछ पैसों का विवाद था।

उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने रविवार को बताया कि शनिवार चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि न्यू उस्मानपुर में दुर्गा मंदिर पार्क में एक युवक को चाकू मार दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को जग प्रवेश चंद अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दिलशाद परिवार के साथ गली नंबर-13, शास्त्री पार्क में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन बहनें व दो भाई हैं।

## जहांगीरपुरी में भाजपा नेताओं ने सुनीं पीएम मोदी के 'मन की बात'







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पीएम** मोदी के मन की बात का कार्यक्रम भाजपा नेता प्रदीप गोयल ने जहांगीरपुरी स्थित अपने निवास पर भाजपा नेताओं संग सुना। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व मंडल चुनाव अधिकारी अजय सहरावत, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज यादव, जितेन्द्र ढीका व मंडल के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों का प्रदीप गोयल ने स्वागत भी किया।







वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भारत नगर इलाके में आयोजित माता की चौकी के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाइक रिपेयरिंग शॉप की आड़ में वाहन चोरी का धंधा कर रहे दो शातिर वाहन चोरों को बदरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान नईम तथा इजराइल उर्फ बिलाल के रूप में हुई है।

आरोपित बाइक को चुराने के बाद उसके सभी कलपुर्जे अलग कर देते थे।

आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 14 बाइक बरामद की हैं। इनमें 9 बाइक के सभी कलपुर्जे खुले हुए मिले हैं।

दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि बदरपुर पुलिस की टीम देर रात गश्त पर थी। मोलड़बंद के समीप पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को रोका। उनकी बाइक पर राजस्थान का नंबर था। पुलिसकर्मियों ने जब नंबर की जांच की तो वह जयपुर निवासी प्रभात के नाम पर पंजीकृत मिला। इस बीच पुलिस ने बाइक की चेसिस एवं इंजन नंबर की जांच की तो खुलासा हुआ कि बाइक बदरपुर इलाके से चुराई गई थी। दोनों युवकों की पहचान नईम तथा इजराइल के रूप में हुई।

**बरामद**

**⏩ आरोपित बाइक को चुराने के बाद उसके सभी कलपुर्जे अलग कर देते थे। 14 बाइक बरामद की गई हैं।**

## ईद उल फितर का चांद नजर आया, देश भर में मनाई जाएगी आज ईद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ईद उल फितर का चांद (रविवार को) नजर आ गया है। राजधानी दिल्ली सहित देशभर में चांद के दिखाई देने की तस्दीक की गई है।

जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम शाबान बुखारी ने घोषणा करते हुए कहा कि कल यानी सोमवार के दिन ईद का पर्व मनाया जाएगा।

शाही जामा मस्जिद की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, शाही मस्जिद फतेहपुरी की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, इमारत-ए-शरिया हिन्द की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, मर्कजी जमीअत अहले हदीस की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी ने आज मगरिब की नमाज के बाद चांद देखने की कोशिश की और उन्हें चाद दिखाई पड़ा। इसके अलावा देश भर के अन्य भागों से भी चांद के दिखाई देने की तस्दीक हुई है।


जामा मस्जिद के सैयद शाबान बुखारी ने चांद दिखाई देने की तस्दीक करते हुए घोषणा की कि आज रमजान की 29 तारीख यानी 30 मार्च को ईद का चांद देशभर में नजर आ गया है, इसलिए कल सोमवार 31 मार्च को देशभर में ईद उल फितर का पर्व मनाया जाएगा उन्होंने सभी देशवासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद भी दी है।

मस्जिद फतेहपुरी के इमाम डॉ मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने भी ईद के चांद के निकलने की तस्दीक करते हुए कल ईद मनाए जाने की घोषणा की है।

इमारत-ए-शरिया हिंद के केंद्रीय दफ्तर मस्जिद अब्दुल नबी में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ईद का चांद देखने का एहतेमाल किया गया।

अन्य राज्यों और शहरों से भी चांद के दिखाई देने की की तस्दीक होने के बाद कल सोमवार के दिन ईद मनाने का ऐलान किया गया है।

## बजरंग सेना संकीर्तन मंडल 12 अप्रैल को आयोजित करेगा विशाल ध्वजा यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बजरंग सेना संकीर्तन मंडल द्वारा 12 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ उपलक्ष पर चौथी विशाल ध्वजा यात्रा का आयोजन करेगा। उक्त जानकारी मंडल के अध्यक्ष राहुल प्रजापति ने दी। इस कार्यक्रम को लेकर मंडल के अध्यक्ष राहुल प्रजापति ,मंडल उपाध्यक्ष अजित प्रजापति, मंडल सचिव रोहित प्रजापति ने श्री शनि धाम पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर परमहंस श्री दाती जी महाराज, दतिया पीठाधीश्वर स्वामी नवीन जी महाराज व लोनी विधायक नंदकिशोर गुज्जर से मुलाकात कर विशाल ध्वजा यात्रा को लेकर चर्चा की। राहुल प्रजापति ने बताया के इस बार पिछले वर्ष के भाति इस बार यह ध्वजा यात्रा और भी भव्य होने जा रही है, जिसमें सारा नरेला भगवामय होने जा रहा है। इस बार मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर परमहंस श्रीदाती जी महाराज व दतिया पीठाधीश्वर स्वामी नवीन जी महाराज मौजूद रहेंगे। इनके अलावा भारत वर्ष से जाने-माने महामण्डलेश्वरगण केबिनेट मंत्रीगण व सांसदगण और नरेला विधायक राजकरण खत्री सहित आस-पास के क्षेत्र से विधायक व पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।

राहुल प्रजापति ने आगे बताया के लगभग 2 किलोमीटर की इस ध्वजा यात्रा में लगभग 12 जगह जलपान व पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गई है। इसमें आकर्षण का केंद्र भव्य झांकियां रहेगी और श्री राम कुटी मंदिर नरेला से लामपुर मोड़ होते हुए बांकनेर दादा माई वाले धाम पर इसका समापन होगा।

राहुल प्रजापति ने कहा के सनातन व हनुमान जी के महोत्सव को भव्य बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में हनुमान जी की इस ध्वजा यात्रा में सभी शामिल हो। क्योंकि "कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं। राहुल प्रजापति ने कहा की ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हनुमान जी नहीं कर सकते इसलिए हनुमान जी की भव्य ध्वजा यात्रा में शामिल होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## डकैती के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2015 में मानसरोवर पार्क इलाके में हुई डकैती के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आकाश उर्फ प्रेम (28) के रूप में हुई है। 24 फरवरी 2025 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस काफी समय से इसकी तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने रविवार को बताया कि आकाश के खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2015 में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक कारोबारी के यहां 30 लाख रुपये की डकैती डाली थी। तभी से पुलिस को इसकी तलाश थी। जांच में पता चला है कि इसका भाई विकास भी बदमाश है। उसके खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं। डीसीपी के अनुसार उनकी टीम भगोड़ों की तलाश कर रही थी। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपित आकाश उर्फ प्रेम के भगोड़े होने का पता चला। फौरन उसकी जानकारी जुटाना शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा है।

जानकारी जुटाने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने बीती देर रात आरोपित को गिरफ्तार किया।

## वजीराबाद के रामघाट पर ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने चलाया स्वच्छ यमुना अभियान









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी द्वारा राम घाट वजीराबाद, दिल्ली पर स्वच्छ यमुना अभियान चलाया गया। इसमें कई स्वयं सेवी संस्थान, कॉलेज के छात्र और एनजीओ के सदस्यों ने भाग लिया। संस्था ने संबंधित विभाग नगर निगम के दिल्ली अपशिष्ट प्रबंधन को ईमेल डाली और सफाई हेतु अनुरोध किया। इस अवसर पर यमुना घाट से सभी ने मिलकर पॉलिथीन, बेकार कपड़े, भगवान की मूर्तियां, इस्तेमाल की गई पूजा सामग्री का कचरा, खाद्य अपशिष्ट पदार्थ आदि इकट्ठा किया और उसे मुख्य कूडाघर पर निस्तारन हेतु भेजा गया। यमुना घाट पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। छात्रों ने यमुना सफाई हेतु घाट पर रैली निकाली, यमुना स्वच्छता हेतु गीत और नारा लगाये। स्वच्छता हेतु सभी ने शपथ ली कि हम अपनी यमुना और सभी नदियों को स्वच्छ रखेंगे। विद्यार्थियों ने सभी यमुना घाट पर आएं श्रद्धालुओं से निवेदन भी किया कि नवरात्रो के पावन पर्व पर अपनी नदियों की रक्षा करें उनको साफ रखने का प्रण ले। सभी लोगों ने छात्रों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम की मुख्य भूमिका सिमरन यादव (अमिटी यूनिवर्सिटी फार्मेसी की छात्र) द्वारा निभाई गई।

# जितनी स्पष्ट आपकी पहचान होगी, उतनी ही सरलता आपके जीवन में होगी: स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** सनातनी नववर्ष के पहले दिन रविवार को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शंकराचार्य घाट पर विश्वभर के सनातन धर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने शिव संदेश में कहा कि हम वो हैं जो अपनी पहचान गात्र (शरीर) से नहीं, बल्कि गोत्र (गोरक्षाव्रत) से करते हैं। हमारा धर्म हमें बताता है कि यदि हम धार्मिक बनना चाहते हैं, तो किसी उपदेष्टा में उलझने की बजाय सत्य शाश्वत धर्म के मर्म को समझना चाहिए और उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इससे हमारा मानव




जीवन धन्य बनेगा। उन्होंने अपनी पहचान को स्पष्ट रखने पर जोर देते हुए कहा कि जितनी स्पष्ट आपकी पहचान होगी, उतनी ही सरलता आपके जीवन में होगी। शंकराचार्य ने कहा कि याद रखिये कि आप कौन हैं? अपनी पहचान को साफ रखिये। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हम पूरे विश्व को सामान्य धर्मों की शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। इस संवत्सर हमने तैंतीस करोड लोगों से सम्पर्क कर उनसे संवाद स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। जिसे तकनीकी और जीवंत धर्मदूतों के माध्यम से पूरा करना चाहेंगे, इसमें गो–कुल, गुरुकुल और सत्कुल जैसे विषय शामिल होंगे।

**फलादेश**

**सनातनी पंचांग का विमोचन करते हुए वार्षिक फलादेश और अन्य धार्मिक साहित्य का भी अनावरण किया**

उन्होंने "गो–नीति" को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान का ऐलान किया, जिसमें तैंतीस कोटि गौमतदाता ,तीन लाख श्रीरामाधाम । कुछ हजार जो बूचडखाने सुधरें, तो हो गौ का काम के लक्ष्य की प्राप्ति के प्रयास आरंभ कर दिये जायेंगे। इसके अंतर्गत, वाराणसी को पायलट जिला बनाते हुए कार्य आरंभ किया जाएगा।

**प्रातर्मंगलम् का वार्षिकोत्सव भी सम्पन्न:** सनातनी नववर्ष के अवसर पर शंकराचार्य घाट पर प्रातर्मंगलम् का वार्षिकोत्सव भी मनाया गया। शंकराचार्य घाट पर योगाभ्यासियों को योग, आसन, प्राणायाम और गणेश वन्दना, सूर्य नमस्कार, शिव परिक्रमा, विष्णु ध्यान और गंगा आरती के माध्यम से पंचदेवोपासना के संस्कार के साथ उत्तम स्वास्थ्य की शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में शारदानंद ब्रह्मचारी, साध्वी शारदाम्बा, साध्वी पूर्णाम्बा, स्वामी श्रीनिधिरव्यानन्द सागर, परमात्मानन्द ब्रह्मचारी, प्रभुप्रभूतानन्द ब्रह्मचारी, स्वयंभवानन्द ब्रह्मचारी, हृदयनन्द ब्रह्मचारी, संजय पाण्डेय, सौवीर नागर, रंजन शर्मा, शम्भूशरण पाण्डेय सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# मथुरा में चल रही न्यू घड़ी डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री सील

**रैपर मिले**

**ब्रांड की छवि को बिगाड़ने जैसे कई सवालों का फैक्ट्री संचालक को जवाब देना होगा।**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** महावन क्षेत्र के गांव देवकरन में संचालित हो रही न्यू घड़ी डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। दिल्ली के वाणिज्य न्यायालय द्वारा मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया था। टीम रविवार को मथुरा पहुंची और महावन थाने में पुलिस से संपर्क किया। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम नगला देवकरन पहुंची। यहां टीम को फैक्ट्री में काम होते हुए मिला। भारी मात्रा में रैपर और



डिटर्जेंट मिला। टीम ने यहां मिले निर्माण और पैकिंग सामग्री के अलावा तैयार माल के नमूने संग्रहित किये। महावन थाने के उपनिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि टीम ने अपना काम किया। थाने की पुलिस टीम की सुरक्षा के लिए मौके पर मौजूद रही। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। फैक्ट्री के मालिक अनूप सारस्वत को बताया गयाह। टीम ने 16 अप्रैल को फैक्ट्री संचालक को न्यायालय में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। टीम में पारस और अन्य अधिवक्ता शामिल थे। नाग गिरामी ब्रांड घडी डिटर्जेंट के नाम से मिलता नाम न्यू घडी डिटर्जेंट बता ब्रांड की विश्वसनीयता का लाभ उठाने और ब्रांड की छवि को बिगाड़ने जैसे कई सवालों का फैक्ट्री संचालक को जवाब देना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा का स्वागत

**अंबाला।** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए माननीय सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा। डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा, मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के इस सराहनीय कदम का स्वागत करता हूं। यह भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इससे हमारे गांव और मजबूत होंगे। देश भर में क्षेत्र–विशिष्ट स्कूलों की स्थापना से उर्वरक सहकारी संस्थानों, विशेष रूप से इफको को मदद मिलेगी। इससे उर्वरक सहकारी प्रबंधन और विपणन के क्षेत्र में पेशेवरों की नई पीढ़ी सशक्त होगी। मौजूदा सहकारी कर्मचारियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम एक गेम–चेंजर हैं और यह ऐसा कदम है जो इस पैमाने पर पहले कभी नहीं उठाया गया। यह विश्वविद्यालय मौजूदा कर्मचारियों और सहकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल बनेंगे और सहकारी बिरादरी के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित होंगे।

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives

### भारत की प्राचीन कारीगरी और समृद्ध परंपरा का उत्सव 100% सिंगल गुड़ रम बेला गुरुग्राम में लॉन्च

गुरुग्राम: विश्व प्रसिद्ध अमृत डिस्टिलरीज, जो अपनी नवीनता और उच्च गुणवत्ता वाली स्पिरिट्स के लिए जानी जाती है, ने बेला का अनावरण किया है। यह दुनिया की पहली 100% गुड़ से निर्मित और परिपक्व हुई सिंगल रम है। साद्री पर्वतमाला और मंड्या क्षेत्र की उपजाऊ भूमि से प्राप्त पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ से तैयार यह रम, छह वर्षों तक उष्णकटिबंधीय जलवायु में एक्स–बोर्बन बैरल में परिपक्व की गई है। अमृत डिस्टिलरीज की 75वीं वर्षगांठ का के प्रतीक में बेला, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक विशेष पेशकश है।अमृत डिस्टिलरीज ने पहले ही व्हिस्की की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब बेला के साथ, यह ब्रांड अपने अद्वितीय स्थान को और अधिक सशक्त बना रहा है। इस अवसर पर त्रिविक्रम, संयुक्त प्रबंध निदेशक, अमृत डिस्टिलरीज ने कहा, 100% गुड़ रम हमारा सपना था।अमृत को भारत का पहला जग्गरी सिंगल रम डिस्टिल करने का लाइसेंस प्राप्त है। हम बेला को उन सभी रम प्रेमियों को समर्पित करते हैं। हरियाणा में अमृत के प्रति उपभोक्ताओं की गहरी रुचि और मांग को देखते हुए, हमें गुरुग्राम में बेला लॉन्च करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। 2013 में, अमृत ने टू इंडीज रम लॉन्च करके एक नई पहल की थी, जो भारतीय गुड़ और कैरिबियाई शीरे का अनूठा मिश्रण था। अब, बेला के साथ, अमृत इस परंपरा को और आगे बढ़ाते हुए गुड़ से भारत के ऐतिहासिक संबंध को पुनर्जीवित कर रहा है।बेला नाम का कन्नड़ भाषा में अर्थ गुड़ होता है। कर्नाटक में स्थित अमृत डिस्टिलरीज के लिए यह नाम अपनी जड़ों के प्रति सम्मान प्रकट करता है। अमृत की नेतृत्व टीम इस विशेष पेशकश की मौलिकता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।बेला केवल एक अनूठी रम ही नहीं है, बल्कि यह एक नई श्रेणी प्रीमियम भारतीय रम की स्थापना भी करती है। अमृत डिस्टिलरीज की गहरी भारतीय जड़ों और विश्वस्तरीय गुणवत्ता की प्रतिबद्धता बेला के माध्यम से और अधिक प्रबल हुई है। इस लॉन्च के साथ, अमृत भारत की समृद्ध विरासत का उत्सव मना रहा है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं को गौरवान्वित कर रहा है।फलों, नारियल और वनीला का मिश्रण, जो धीरे–धीरे मार्जिपान और हल्के साइट्रस में परिवर्तित होता है।

## आपसी रंजिश में युवक को मारी गोली, गंभीर रूप से घायल

**मथुरा।** छाता के गांव अकबरपुर में आपसी रंजिश के चलते 20 वर्षीय युवक रवि पुत्र भूदेव को चंदन पुत्र धनीराम निवासी अकबरपुर ने गोली मार दी। गोली युवक के कमर के नीचे जाकर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों के मध्य आपसी रंजिश थी। गोली मारने वाले चंदन पुत्र धनीराम की बहन ने रवि पुत्र भूदेव के भाई के साथ भाग कर शादी कर ली थी जिसके खिलाफ था चंदन। जिसके कारण चंदन और रवि में आपसी रंजिश बन गयी। जिसके कारण यह गोली मारी गई।

# राया में धूमधाम से निकली माता मनकामेश्वरी की

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** राया के गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी देवी की शोभायात्रा पूजा के साथ धूमधाम से निकाली गयी। जगह जगह भक्तजनों ने भोग प्रसाद लगाकर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने आरती उतारकर किया। शोभायात्रा गणेशबाग से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा मार्ग होते हुए मंदिर परिसर पहुची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।शोभायात्रा में अलीगढ़ से पधारे काली के अखाड़ा कलाकारों ने अपनी कला के प्रदर्शन से यात्रा में चार चाँद लगा



दिए शोभायात्रा के साथ ही चौत्र नवरात्रि मेला का शुभारंभ हो गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष विशाल पाराशर मनोज नागर समाजसेवी भूपेश अग्रवाल अरविंद शर्मा अभिषेक पाराशर ललित मोहन गुप्ता , योगेश शर्मा मनोज वार्ष्णेय कालीचरन अग्रवाल सरवन अहमद पुनीत चौबे मोहित शर्मा राजन भट्ट प्रमोद कुमार सोनू सिरोही रुद्र प्रकाश सारस्वत सचिन अग्रवाल देवेंद्र चौधरी सोनू गोस्वामी प्रहलाद सिंह आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री सुरेश खन्ना ने स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्यों का किया शिलान्यास

**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को हथौड़ा बुजुर्ग स्थित परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में 34 करोड़ 22 लाख 80 हजार रुपये से होने वाले जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में 400 मीटर रनिंग, सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट, सिंथेटिक कबड्डी कोर्ट, इंडौर हॉकी एस्ट्रो टर्फ, पवेलियन, सीसीटीवी, मैदान के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था बाउंड्री वॉल, ट्यूबवेल, सेल्फी प्वाइंट एवं पार्किंग मुख्य द्वार आंतरिक एप्रोच रोड बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल प्रशासनिक भवन आदि का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा।

# शिक्षक बोले अप्रैल फूल नहीं बनेंगे, विरोध का राष्ट्रव्यापी ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) तथा ऑल टीचर्स एंप्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के राष्ट्रीय आह्वान पर एक अप्रैल को काला दिवस मनाया जाएगा। साथ ही शिक्षक कर्मचारी काला दिवस पर हाथों में काली पट्टी बांधकर कल अपराह्न तीन बजे जनपद के शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। अटेवा की जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एक अप्रैल 2004 को पुरानी पेंशन को समाप्त कर उसके स्थान पर शेयर मार्केट आधारित नई पेंशन स्कीम नेशनल पेंशन सिस्टम लागू की गई थी। यह अप्रैल फूल बनाने जैसा है, यह हम नहीं होने देंगे। इसके विरोध में शिक्षक कर्मचारी अधिकारी कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत हैं। अटेवा की जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने समस्त शिक्षक कर्मचारी तथा कर्मचारियों अधिकारियों से आवाहन किया है की एक अप्रैल को पुरानी पेंशन बहाली के लिए तथा एनपीएस और यूपीएस का विरोध दर्ज कराते हुए काला दिवस मनाए। प्रदेश आईटी सेल प्रभारी प्रमोद पट, जिला संरक्षक शैलेन्द्र यादव तथा उपाध्यक्ष कप्तान सिंह ने कहा पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी प्रतिबद्ध है। मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अप्रैल को सांय तीन बजे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सभी विभागों के शिक्षक कर्मचारी सहभागिता करते हुए अपना विरोध प्रकट करेंगे।

## लूट की योजना बनाते चार आरोपितों को पकड़ा

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने लूट की योजना बनाते चार आरोपितों को पकडा है। इनके पास से दो मोटर साइकिल, दो तमंचा, पांच जिन्दा कारतूस, दो मिर्च के पैकेट बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि दिलीप पुत्र भजनलाल निवासी मिजार्पुर थाना हाइवे मथुरा, विजय पुत्र सुरेशचन्द निवासी नौ बीसा सौंख थाना मगोर्रा, पंकज उर्फ पंखू पुत्र बाबूलाल निवासी मोहनपुर अडूकी थाना हाईवे मथुरा, विपिन नौहवार पुत्र जगदीश सिंह निवासी पारसोली थाना नौहझील मथुराको शामकेन फैक्टरी के पीछे की तरफ हताना गांव को जाने वाले रास्ते पर पडने वाले मोड से पहले दाहिनी तरफ बने एक टूटे फूटे कमरे व टीन शेड में से गिरफ्तार किया गया।

# गांव-गांव जाकर किसानों को एकजुट करेंगे: सुनील



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी रविवार को मथुरा पहुंचे। मथुरा महानगर के लक्ष्मी नगर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी का काफिला मथुरा महानगर के कृष्णापुरी चौराहा आर्य समाज रोड होली गेट चोराहा होते हुए कोतवाली रोड चौबिया पाड़ा गली महोली की पौर मे भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्त पवन चतुर्वेदी के आवास पर पहुंचा और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली 27 मार्च को आगरा के अकोला हुई पंचायत में जाते समय पवन का ग्वालियर रोड पर एक्सीडेंट हो गया था। सुनील चौधरी ने कहा कि मथुरा जनपद में किसान परेशान है लेकिन जिला प्रशासन किसानों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा। मथुरा जनपद में प्राकृतिक आपदा बरसात ने फसलों को नुकसान पहुंचा है। नकसान का सर्वे नहीं हुआ है तो रहात कैसे मिलेगी। विद्युत विभाग किसानों का निरंतर

**आह्वान**

**मथुरा जनपद में किसान परेशान है लेकिन जिला प्रशासन किसानों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा**

उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का एकजुट होना जरूरी है। हमारी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुने उसका निस्तारण कराएं। जनपद में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं किसानों को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान, बालकृष्ण दीक्षित, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष करन पाठक, किसान नेता भगवान दास तोमर, तनवीर कुरेशी, फैजान, कृष्ण फौजदार, मोहन श्याम पाठक, शिव बघेल, चौधरी चरण सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# नवसंवत्सर की मंगलकामनाओं के साथ नववर्ष मेला का हुआ समापन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वाधान में सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित 24 वें विशाल नववर्ष मेला के नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधावल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए ब्रजभूमि में जन्म लिया था। हमें भी आज से यह प्रण लेना होगा कि हम भी हिंदू तिथि के अनुसार अपना जन्म दिवस व सालगिरह बनायेंगे। विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास उत्तर प्रदेष ने कहा कि यह नवसंवत्सर हिंदुओं का नववर्ष है। यह सदियों से बनता आ रहा है। बीते कुछ समय में पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण हम चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को भूलकर एक जनवरी को नववर्ष बनाने लगे थे। भारत विश्व गुरु तभी बनेगा




जब हम देश की संस्कृति के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। मंगलायतन यूनिवर्सिटी के कुलपति पीके कसोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी एवं कार्यक्रम स्वागताध्यक्ष कल्यानदास अग्रवाल बृजवासी समाज सेवी एवं उद्योगपति ने नवसंवत्सर की मंगल कामना देते हुए विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व मां भगवती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर नववर्ष समारोह शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने किया।

# प्राकृतिक नव यौवन के साथ आता है नवसंवत्सर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुनापार मथुरा महानगर के वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में बोलते हुये मुख्य वक्ता मथुरा विभाग के प्रचार प्रमुख डॉ कमल कौशिक ने कहा कि नव संवत्सर यानी भारतीय नव वर्ष प्रकृति के नव यौवन के साथ समस्त प्राणियों को नवजीवन प्रदान करता है।चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2082 आज सूर्य की पहली किरण के साथ प्रारम्भ हुआ। पेडों पर नए पत्ते और पशु पक्षियों में हर्सोल्लास का मौसमी अनुकूल वतावरण के साथ प्रतिवर्ष नवसंवत सर बसंत ऋतु में आता है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन



आर एस एस के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था।इसलिये पूरे अनुशासन और समय बद्धता के साथ संघ के स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाते हैं। कार्यक्रम में मंच पर नगर संघचालक वैध धर्मपाल जी और डॉ कमल कौशिक जी रहे। मुख्य शिक्षक बृजमोहन जी,गनगीत दिनेश जी ने बोला तथा एकल गीत सत्यवीर जी ने गाया, कार्यक्रम में यमुना नगर के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में समय से उपस्थित रहे।

**नवजीवन**

**नव संवत्सर यानी भारतीय नव वर्ष प्रकृति के नव यौवन के साथ समस्त प्राणियों को नवजीवन प्रदान करता है**

## दूधिया को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

**जालौन।** उरई कोतवाली क्षेत्र के कुइया रोड पर रविवार की सुबह तेज गति से आ रहे ट्रक नंबर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-बाइक से दूध उठाने जा रहे दूधिया की दीनदयाल अग्रवाल निवासी तुलसी नगर की मौत हो गई। बता दें कि, मृतक व्यक्ति दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था और अपना पूरा घर चलाता था। वहीं रोज की भांति आज भी वह दूध उठाने गांव जा रहा था। तभी अचानक कुइया रोड पर तेज गति से आ रहे ट्रक ने जो रदार टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मृतक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक एवं ट्रक को पकड़ कर चौकी पर खड़ा कर दिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित ओमेक्स स्थित बंद फ्लैट में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। युवक की महिला मित्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भेजा हैं।शव से प्रतीत हो रहा है कि युवक ने दो-तीन दिन पहले यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। पुलिस की सूचना पर परिजन सहारनपुर से वृंदावन आ रहे हैं।ओमैक्स स्थित कृष्णा ब्लॉक 7 सी के अंदर से बंद फ्लैट 003 में शनिवार शाम को युवक फंदे से लटका मिला। फ्लैट के अंदर शव की जानकारी तब हुई जब युवक की महिला मित्र कुरूक्षेत्र स्थित अपने घर से कई दिनों के बाद आई। फ्लैट के बाहर से गेट पर दस्तक देने परअंदर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई तो उन्होंने फ्लैट की खिड़की से झांक कर अंदर देखा। युवक का शव लटका फंदे पर लटका मिला महिला मित्र की सूचना पर पहुची पुलिस ने फ्लैट के गेट को खुलवाया और शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम गृह भेजा। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र के गांव मांझरी निवासी 29 वर्षीय राहुल शर्मा पुत्र संजय शर्मा के रूप में की है।पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है संभावना जताई जा रही है कि सहारनपुर निवासी राहुल द्वारा इस आत्मघाती कदम उठाने के पीछे शेयर में घाटा होना भी कारण हो सकता है। क्यों कि यह किराए के फलैट में युवक शेयर ट्रेडिंग का कार्य करता था। वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि युवक राहुल यहां किराए पर एक दिसंबर 2014 से कुरूक्षेत्र निवासी महिला मित्र के साथ रहता था।

**जांच की आंच**

**युवक की महिला मित्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भेजा हैं**

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत : डॉ. सिकंदर कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने की केंद्र सरकार से मांग की है। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि देश के युवा, जो राष्ट्र का भविष्य हैं और विकास में अहम भूमिका निभाते हैं, अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद कड़ी मेहनत और कठिन परिस्थितियों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। लेकिन भर्ती प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि आवेदन से लेकर चयन तक कई साल लग जाते हैं, जिससे युवा आयु सीमा पार कर नौकरी के लिए अयोग्य हो जाते हैं। डॉ. सिकंदर कुमार ने विशेष रूप से सुरक्षा बलों में भर्ती होने वाले युवाओं की कठिनाइयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देरी के कारण कई प्रतिभाशाली उम्मीदवार उम्र सीमा पार कर जाते हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द होने से युवा मानसिक तनाव में आ जाते हैं और कुछ गलत रास्तों पर भी भटक सकते हैं। इससे न केवल उनका निजी जीवन प्रभावित होता है, बल्कि देश को भी योग्य और मेहनती युवाओं की सेवाएं नहीं मिल पातीं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर चयन अवधि को कम किया जाए और इसे अधिक पारदर्शी बनाया जाए, जिससे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके और देश को उनकी प्रतिभा का पूरा लाभ मिल सके।

## धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र धाम के रूप में बनाएगा पहचान: सैनी

**चंडीगढ़: मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र धाम के रूप में अपनी पहचान बनाएंगा। इस गीता स्थली पर बड़े स्तर पर धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ देश व प्रदेश की संस्कृति से जुड़ी पौराणिक संस्कृति व विरासत को जोडकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर व जियो गीता व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से नव वर्ष व नव सम्वत पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने नव वर्ष नव सम्वत के आगमन पर ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महाआरती कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए कामना की है।

# रामनगरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन-सैलाब

## रामनगरी में गूंज रहे माता के जयकारे, मठ-मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**भक्तों की कतारें**

▶▶ नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए भोर से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** योगी सरकार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनगरी अयोध्या के ऐतिहासिक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए भोर से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नवरात्र के पहले दिन रामनगरी में गूंज रहे हैं जय माता की जयकारे। इस पावन अवसर पर भक्तों ने घर-घर कलश स्थापना के साथ माता



को विराजमान कराया और नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत की। सुबह से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिर परिसर भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। बड़ी देवकाली मंदिर में जहां भगवान राम की कुलदेवी के दर्शन के लिए भक्तों ने घंटों इंतजार किया, वहीं छोटी देवकाली मंदिर में माता सीता की कुलदेवी के प्रति आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में फूल, प्रसाद और श्रद्धा अर्पित की। कई भक्तों ने नवरात्रि के पहले दिन व्रत रखकर माता की विशेष पूजा की। इस दौरान मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिसने उत्सव के माहौल को और भव्य बना दिया। वहीं श्रद्धालुओं ने नवसंवत्सर 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सुअवसर पर सरयू मैया में उदयमान सूर्य को अर्घ देकर अयोध्या के सुख समृध्दि की मंगल कामना की। सभी को नवसंवत्सर 2082 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**रामलला और हनुमानगढ़ी के भी**

### स्थानीय प्रशासन ने किये सम्पूर्ण इंतजाम

**स्थानीय** प्रशासन ने मंदिरों में स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी खास ध्यान रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रि और रामनवमी के मद्देनजर अधिकारियों को श्रद्धालुओं की हर जरूरत का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस बार राम मंदिर में पहली रामनवमी होने के कारण उत्साह और भी बढ़ गया है। प्रशासन का मानना है कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में भारी इजाफा होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि और रामनवमी का यह संयोग अयोध्या के लिए विशेष महत्व रखता है। भक्तों में उत्साह चरम पर है और आने वाले दिनों में यह आस्था का सैलाब और बढ़ने की उम्मीद है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि मंदिरों में सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए हैं। नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

**किये दर्शन**

देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन के बाद भक्तों ने राम मंदिर और हनुमानगढ़ी का रुख किया। देर रात तक दोनों ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। रविवार होने के कारण जन्मभूमि पथ श्रद्धालुओं से पटा रहा। वहीं दर्शन-पूजन के बाद देर शाम को लता चौक व राम की पैड़ी पर भी खूब भीड़ नजर आई।

**बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन की**

**व्यवस्था मजबूत**

नवरात्रि के साथ ही रामनवमी का पर्व भी नजदीक होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों की विशेष रूप से नियुक्ति की गई थी। यह कदम महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया।

## भारतीय संस्कृति का पूरे विश्व में प्रभाव: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण रविवार को शिमला के संजौली में सुना गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, प्रत्याशी सुरेश भारद्वाज और संजीव चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत की संस्कृति न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। भारतीय नागरिक जहां भी गए, उन्होंने अपनी संस्कृति को संजोकर रखा और आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति का वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे देश का गौरव भी बढ़ता है। जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में उठाए गए कपड़ा अपशिष्ट प्रबंधन



**दावा**

▶▶ भारतीय नागरिक जहां भी गए, उन्होंने अपनी संस्कृति को संजोकर रखा और आगे बढ़ाया: जयराम

विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन अवधारणा है, जिस पर पूरे देश को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत इस क्षेत्र में विश्व में दूसरे स्थान पर है।

## योगी सरकार की सख्ती से यूपी में घटे 85 फीसदी तक अपराध



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। 2017 से राज्य में डकैती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में 85 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। साथ ही माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा कस गया है।

**प्रमुख अपराधों में भारी कमी**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार योगी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न अपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। डकैती की घटनाओं में 2016 की तुलना में 84.41 फीसदी कमी आई है। इसके अलावा लूट के

**कमी आई**

▶▶ योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2016 की तुलना में विभिन्न घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई

मामले 77.43 फीसदी कम हुए हैं। इसी के साथ साथ अपहरण, दहेज हत्या एवं बलात्कार की घटनाओं में भी उल्लेखनीय रूप से कमी देखी गई है। इसके अलावा पुलिस की सक्रियता और सीसीटीवी सर्विलांस जैसी आधुनिक तकनीकों ने अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**माफिया और अवैध संपत्तियों पर कार्यवाही**

योगी सरकार ने प्रदेश के माफियाओं, गैंगस्टरों और भू-माफिया पर बड़े पैमाने पर

## केदारनाथ मंदिर में बना बाबा का भंडार गृह

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। केदारनाथ** धाम में इस वर्ष बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव डोली अपने भंडार गृह में विराजमान होगी। ग्यारह वर्षों बाद श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को अपना नया भवन प्राप्त हुआ है, जिसमें रावल, मुख्य पुजारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के रात्रि प्रवास की सुविधा उपलब्ध होगी। 16 कमरों के तीन मंजिला भवन से बीकेटीसी यात्रा का संचालन करेगी। केदारनाथ पुनर्निर्माण के तहत धाम में श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का तीन मंजिला भवन बनकर तैयार हो



गया है। इस वर्ष यात्रा के लिए 1 मई को जब बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने धाम पहुंचेगी तो भवन के भंडार गृह में विराजमान होगी। जून 2013 के बाद यह पहला मौका है, जब बाबा केदार की डोली को अपना भंडार कक्ष मिल रहा है। साथ ही केदारनाथ के रावल, मुख्य पुजारी समिति के भवन में रहते हुए अपने यात्रा से जुड़ी गतिविधियां संपादित करेंगे।

**भोग मंडी**

▶▶ ग्यारह वर्षों बाद श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को अपना नया भवन प्राप्त हुआ है

तीन मंजिला भवन में समिति के अध्यक्ष, मुख्य कार्यधिकारी कार्यालय व कक्ष भी हैं। साथ ही यात्रा में धाम में तैनात रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के आवास की व्यवस्था इस भवन में की गई है। इस भवन में ही भोग मंडी, पूजा और अन्य कक्ष भी हैं।

## गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर लिनचोली तक साफ की गई बर्फ

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रप्रयाग।** इस सप्ताह बर्फ साफ करते हुए केदारनाथ पहुंच जाएगी टीम फोटो -- रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है।

लोनिवि ने रामबाडा से लिनचोली तक बर्फ साफ कर पांच किमी रास्ते को आवाजाही लायक बना दिया है। इन दिनों कुबेर गदेरा हिमखंड को काटकर रास्ता बनाया जा रहा है। अगले चार दिनों में टीम केदारनाथ पहुंच जाएगी।

## पहले नवरात्र पर देवी मंदिरों चंडी पाठ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पौड़ी गढ़वाल।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को शैलुपत्री की पूजा की गई। देवी के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। रामलीला मैदान में स्थित सियाराम मंदिर व अछरीखाल स्थित वैष्णों देवी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। वैष्णो देवी मंदिर समिति अछरीखाल के व्यवस्थापक राकेश कुमार व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर में नित्य चंडी पाठ, रुद्री पाठ, महाविद्या पाठ, धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया है। बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन यज्ञ पूजन में विशाल मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामलीला समिति द्वारा नवरात्रि के पहले दिन हरियाली घट स्थापना, देवी उपासना, पूजा-अर्चना की गई। हर नवरात्रि को सिया राम मंदिर में कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किए जाएंगे।

6 अप्रैल रामनवमी को सियाराम मंदिर में हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण, नगर में झांकी भ्रमण कर रामनवमी उत्सव का समापन किया जाएगा। मां भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में भी प्रबंधन समिति के सौजन्य से धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो गया है।

## मंदिरों में दर्शनों से हुई हिंदू नव वर्ष की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्रीराम सेवक सभा के द्वारा रविवार को हिन्दू नव वर्ष-नव संवत्सर 2082, चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर परंपरागत तौर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आचार्य भगवती प्रसाद जोशी ने वार्षिक राशिफल एवं संवत्सर का वर्षफल सुनाया। श्री राम सेवक सभा भवन में नव संवत्सर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने मंत्रोच्चार के साथ राशि फल एवं वर्ष फल



सुनाया। इस दौरान श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने देवी भगवती मैया, महिषासुर मर्दिनी आदि कुमाउनी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, पूर्व

**परंपरागत**

▶▶ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर परंपरागत तौर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए

सभासद ईशा साह, आशीष बजाज और डॉ किरण लाल साह ने कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड के सहयोग से आयोजित फागोत्सव 2025 फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।




**उपलब्धि** सीएम योगी के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी की पहल से वनटांगिया बच्चों का भविष्य होगा उज्ज्वल

## प्रशासन की सफलता: वनटांगिया ग्रामों में खुलेगा स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोण्डा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जनपद गोण्डा प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार ने महेशपुर वनटांगिया ग्राम और बुटाहनी वनटांगिया ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही, स्कूलों के निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया गया है। यह पहल वनटांगिया समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल से अब वनटांगिया ग्रामों के बच्चों



को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह निर्णय शिक्षा के प्रचार-प्रसार में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। सरकार ने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के लिए 29.45 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है, जिससे इन विद्यालयों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

**शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जून 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद वनटांगिया समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के दृष्टिगत यहां वनटांगिया ग्रामों का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को नजदीक से देखा। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना और शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी। उनकी सक्रिय पहल के कारण यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचा और इसे मंजूरी मिल गई। यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, छपिया के ग्राम पंचायत महुलीखोरी के वन ग्राम बुटहनी और नवाबगंज के ग्राम हरदवा के वन ग्राम महेशपुर में इन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जाएगी।